वर्षः 7- अंकः 140, मुंबई, सोमवार, 24 जुलाई, 2017 , मूल्यः1 रु. ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस।खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

अब हर सच होगा उजागर




## बारिश से कोल्हापुर से 150 गांवों का संपर्क टूटा

## नासिक में हाई अलर्ट

**नासिक/कोल्हापुर।** मुंबई के अलावा वेस्टर्न महाराष्ट्र और नासिक में जोरदार बारिश हो रही है। वेस्टर्न महाराष्ट्र और कोंकण में शुक्रवार से हो रही बारिश से गोदावरी समेत कई नदियां उफान पर है। कोल्हापुर में 150 गावों का संपर्क टूटा हुआ है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

# खेलें हम जी जान से




## वर्ल्ड कप का सपना नहीं हो सका अपना

**लंदन।** आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम को आखिरी मोमेंट में हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 228 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 48.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 219 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सबसे अधिक विकेट झूलन गोस्वामी ने 10 ओवर में सिर्फ 23 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि पूनम यादव ने 36 रन देकर दो विकेट झटके। दूसरी ओर इंग्लैंड के लिए नताली ने 51 और सारा टेलर ने 45 रन की पारी खेली। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### पहले विकेट के लिए बने 47 रन

पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को लॉरेन विनफील्ड (24) और टैमी बेयुमोंट (23) ने सधी हुई शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। मजबूत दिख रही इंग्लैंड अचानक से बिखर गई और उसने 63 के कुल स्कोर तक अपने तीन अहम विकेट खो दिए थे। भारत को पहली सफलता राजेश्वरी गायकवाड़ ने दिलाई। उन्होंने विन्फील्ड को पांव के पीछे से गेंद को घूमाते हुए बोल्ड मारा।

**पूनम ने दिया पहला झटका :** *टैमी को 60 के कुल स्कोर पर पूनम यादव ने झूलन गोस्वामी के हाथों लपकवाया। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट एक रन ही बना सकी थीं कि पूनम ने उन्हें पगबाधा करवाते हुए भारत को तीसरी और अहम सफलता दिलाई। यहां से सारा और नताली ने टीम के लिए संघर्ष किया और विकेट पर जमी रहीं। इन दोनों ने संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को दबाव से बाहर निकाला, लेकिन भारत की सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने भारत को एक बार फिर मैच में वापस ला दिया। उन्होंने कुछ ही अंतराल में इंग्लैंड के तीन विकेट गिरा दिए।*

# मालाड पुलिस स्टेशन के पास गार्डेन बीयर बार कर रहा है हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़


देवेंद्र फडनवीस
मुख्यमंत्री


अजोय मेहता
मनपा आयुक्त


दत्तात्रय पडसलगिकर
मुं. पुलिस कमिश्नर

## हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश

**मुंबई।** मालाड पश्चिम में मालाड पुलिस स्टेशन के पास स्थित गार्डेन बीयर बार के मामले में काफी तूल पकड लिया है। इसके खिलाफ कई हिंदुवादी संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है और बंद कराने को लेकर प्रदर्शन व धरना की योजना बनाने लगा है। जैसा कि आपको मालूम है कि मालाड पश्चिम में मालाड पुलिस स्टेशन के पास स्थित गार्डेन बीयर बार हिंदुओं की पूजास्थली एक मंदिर और देवलोक गमन के वास्ते निर्मित श्मशान भूमि के बिल्कुल पास स्थित है। जहां शराबियों की धमाचौकडी जारी रहती है जिससे पूजा के लिए मंदिर आये भक्तों और श्मशान में चिता जलाने आये लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**




## मोर्चा-प्रदर्शन की चेतावनी

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अभी एक महीना और टमाटर रहेगा महंगा

**मुंबई,** इन दिनों देशभर में टमाटर को लेकर सोशल मीडिया में जोक चल रहे हैं। आसमान छूते टमाटर के भाव ने जेब का 'जायका' बिगाड़ दिया। सब्जी वाले इसकी वजह कुछ दिनों पहले हुए किसानों के आंदोलन को बता रहे हैं, तो इस व्यापार से जुड़े थोक व्यापारियों का मानना है कि मॉनसून में अक्सर सब्जियों की आवक कम होती है। इसकी वजह से दाम बढ़ जाते हैं। एनबीटी की टीम ने आसपास के इलाकों की मुख्य सब्जी



मंडियों में दामों की पड़ताल की, तो लगभग सभी जगह टमाटर के दाम औसतन 100 से 120 रुपये प्रति किलो के आस-पास थे। इसके अलावा फूलगोभी, हरी मटर, धनिया और तुरई के दाम भी बढ़ गए।

**...इसलिए टमाटर है महंगा**

बीते दो वर्षों के दौरान कई राज्यों में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती की गई थी। इसके चलते दो वर्षों में किसानों से टमाटर के थोक खरीद दाम 2 रुपये से लेकर 5 या 6 रुपये प्रति किलो तक गिर गए थे। इस घाटे से सबक लेते हुए महाराष्ट्र व अन्य कई राज्यों के किसानों ने इस वर्ष टमाटर की बहुत कम फसल लगाई, जिसके कारण उत्पादन कम हुआ। इसका असर अब दिख रहा है।

# RJ मलिष्का के समर्थन में उतर मुंबई के लोग

**मुंबई,** आर. जे. मलिष्का पर शिवसेना कार्यकर्ताओं द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में शनिवार को मुंबईकरों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मलिष्का के लिए 'हम तुम्हारे साथ हैं के




नारे लगाए'। वाच डॉग संस्था के ट्रस्टी गॉड फ्रे पिमेंटा ने बताया कि वाच डॉग संस्था के सदस्य उनके साथ हैं। उन्होंने बताया कि मलिष्का के समर्थन में उपरोक्त संस्था के सदस्यों समेत 100 से अधिक आम मुंबईकरों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर वाहन चलाना इतना मुश्किल हो गया है कि 5 किलोमीटर की दूरी तय करने पर ही गड्ढों के कारण कमर में दर्द होने लगता है। इसलिए इससे राहत के लिए वाहन चालकों को संस्था ने बाम बांटा। इससे पहले शहर के सड़कों की खस्ता हालत को लेकर आर जे मलिष्का ने आवाज उठाई थी। एक वीडियो सॉन्ग के जरिए मलिष्का ने अपना विचार मुंबई की सड़कों की खस्ता हालत पर व्यक्त किया था। जो कि बेहद ही पॉप्युलर हो उठा। इसके बाद बीएमसी में सत्ताधारी शिवसेना ने मलिष्का पर मानहानि का दावा किया था। तब से यह विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

# कस्टम ने जब्त किया 2 करोड़ रुपये का ड्रग्स

**मुंबई,** शनिवार को छत्रपति शिवाजी इंटरनैशनल एयरपोर्ट (सीएसआईए) पर कस्टम विभाग ने एक यात्री के पास से 2 किलो मादक पदार्थ जब्त किया। जिसकी कीमत 2 करोड़ रुपये है। कस्टम के मुताबित, सुरेश कुमार नागार्जन (32) मलयेशिया एयरलाइन से मुंबई से क्वालालांपुर जा रहे थे। सामान जांच करने वाली मशीन में जब सुरेश का सामान स्क्रीन किया गया, तो उसमें संदेहास्पद वस्तु होने की बात सामने आई। इसके बाद कस्टम अधिकारियों ने सामान की तलाशी ली। तलाशी में बैग के नीचे धातु का एक कवर लगा हुआ था। जिसके अंदर सफेद रंग के 2 किलो क्रिस्टल के बुरादे मिले। फिर कस्टम ने इसकी जांच के लिए खोजी कुत्तों को इसे सुंघाया। इसके बाद मादक पदार्थ होने की पुष्टि हुई। अधिकारियों के मुताबिक यह मादक पदार्थ मिथ है। जिसे वैज्ञानिक भाषा में मेथाक्युलोन कहते हैं। यह एक मादक पदार्थ है, जिससे आज का युवा ग्रषित होता जा रहा है। कस्टम ने सुरेश पर एनडीपीएस ऐक्ट 1985 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

# RTI के जवाब में जिलाधिकारी ने मानी EVM में छेड़छाड़ की बात

**मुंबई,** चुनाव आयोग के दावों के विपरीत महाराष्ट्र में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ की बात साबित हुई है। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से शनिवार को यह खुलासा हुआ। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने बताया कि महाराष्ट्र के बुलढाना जिले में हाल ही में हुए परिषदीय चुनाव के दौरान लोणार के सुल्तानपुर गांव में मतदान के दौरान ईवीएम से छेड़छाड़ की बात सामने आई। गलगली ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से कहा, 'मतदाता जब भी एक प्रत्याशी को आवंटित चुनाव चिह्न नारियल का बटन दबाते तो भारतीय जनता पार्टी (इखढ) के चुनाव चिह्न कमल के सामने वाला एलईडी बल्ब जल उठता। निर्वाचन अधिकारी ने इसकी जानकारी जिलाधिकारी को दी, जिसका खुलासा आरटीआई से मिली जानकारी में हुआ।' इलाके की एक निर्दलीय प्रत्याशी आशा अरुण जोरे ने 16 फरवरी को हुए मतदान के दौरान आई इस गड़बड़ी की शिकायत की थी और निर्वाचन अधिकारी से मामले की जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा था, जिसके बाद गलगली ने 16 जून को आरटीआई दाखिल की। गलगली ने बताया, 'बुलढाना के



जिला निर्वाचन विभाग से आरटीआई के तहत मिली सूचना में बताया गया है कि लोणार कस्बे के सुल्तानपुर गांव में स्थापित किए गए मतदान केंद्र संख्या-56 पर मतदाता ने जब क्रम संख्या-1 पर मौजूद निर्दलीय प्रत्याशी के चुनाव चिह्न नारियल का बटन दबाया, तो क्रम संख्या-4 पर इखढ प्रत्याशी के चुनाव चिह्न के सामने वाली बत्ती जली, जिससे कि वोट इखढ प्रत्याशी को चला गया।' चौंकाने वाली बात यह है कि जब आशा अरुण ने मतदान वाले दिन ही सुबह 10 बजे इसकी शिकायत की तो मतदान केंद्र पर नियुक्त निर्वाचन अधिकारी ने इसका संज्ञान लेने से ही इनकार कर दिया।

# चीन की तोड़ के लिए बैंकॉक पहुंचे फिंगर प्रिंट्स विशेषज्ञ

**मुंबई,** करीब डेढ़ दशक पहले छोटा राजन पर गोलियां चलाने वाले शूटर मुन्ना झिंगाडा के केस में नया मोड़ आया है। इस केस में चीन द्वारा पर्दे के पीछे से पाकिस्तान की मदद करने की खबरों के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने चीन की कोशिशों की तोड़ के लिए मुंबई से फिंगर प्रिंट्स विशेषज्ञ बैंकॉक भेजे हैं। मुंबई पुलिस से जुड़े एक विश्वस्त सूत्र ने शनिवार को एनबीटी से इस खबर की पुष्टि की है। सूत्रों का दावा है कि फिंगर प्रिंट्स विशेषज्ञों के साथ खुद क्राइम ब्रांच के डीसीपी दिलीप सावंत भी बैंकॉक गए हैं। मुन्ना झिंगाडा के प्रर्त्यपण के सिलसिले में बैंकॉक कोर्ट में 24 जुलाई को तारीख पड़ी है। भारत मुन्ना को अपना नागरिक मुजक्किर मुदस्सर हुसैन बता रहा है, जबकि पाकिस्तान का कहना है कि



वह उसका नागरिक मोहम्मद सलीम है। मुजक्किर मुदस्सर हुसैन का नाम मुन्ना झिंगाडा इसलिए पड़ा, क्योंकि वह झींगुर जैसा छोटा और दुबला पतला है। विश्वस्त पुलिस सूत्रों का कहना है कि थाईलैंड प्रशासन पर चीन सरकार का बहुत दबदबा है। यह दबाव इस केस में पाकिस्तान के चीन से किए गए अनुरोध की वजह से डाला जा रहा है। पाकिस्तान को डर है कि यदि मुन्ना भारत को लग गया, तो वह पाकिस्तान में सिर्फ दाऊद इब्राहिम के ठिकानों का ही नहीं, दाऊद और पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई के रिश्तों पर कुछ अंदरूनी जानकारियां मुंबई पुलिस के जरिए भारत सरकार को बता देगा। इसलिए मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा दिए जा रहे तमाम सबूतों के बावजूद बैंकॉक पुलिस ने पाकिस्तान और चीन की शह पर अभी तक मुन्ना झिंगाडा को भारत को प्रत्यर्पित नहीं किया है। मुन्ना को भारत लाने की कोशिश में अतीत में डीसीपी रैंक के दो अधिकारी धनंजय कुलकर्णी और मोहन दहिकर भी बैंकॉक जा चुके हैं। उन्होंने मुन्ना के मां-बाप का डीएनए, मुंबई में स्कूल से जुड़े उसके सर्टिफिकेट्स, इन सर्टिफिकेट्स में लिखी उसकी हैंडराइटिंग के अलावा उसके मुंबई के पुराने केसों के फिंगर प्रिंट्स भी बैंकॉक पुलिस को दिए थे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-दिलशाद एस खान द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:9619102478 /9769659975 कार्यकारी संपादक – सी हरीश
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# बेकरी की चिमनी गिरने से 3 लोगों की मौत




**मुंबई।** जोगेश्वरी स्थित अक्सा बेकरी की चिमनी शनिवार रात 10.43 को अचानक गिर गयी। जिसकी चपेट में आने से तीन लोगों की मौत व दो लोग जख्मी हो गए है। जिसकी जानकारी मनपा के आपात्कालीन विभाग ने दी है।

मिली जानकारी के अनुसार जोगेश्वरी पश्चिम के एस. वी रोड स्थित अक्सा बेकरी की चिमनी का कुछ हिस्सा शनिवार रात 10.43 बजे अचनाक करीब के गाले पर अचानक गिर गई। इस दुर्घटना की चपेट में आने से 1 महिला सहित 4 पुरुष जख्मी हो गए थे। जिन्हें इलाज के लिए बालासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के पूर्व ही डॉक्टरों ने 22 वर्षीय किस्मत अंसारी, 21 वर्षीय जितेंद्र अंसारी को मृत घोषित कर दिया जबकि 22 वर्षीय तेजी भार्गव की इलाज के दौरान रात 1 बजे मौत हो गई। वहीं 26 वर्षीय राजू भारद्वाज को सिर पर मार लगने से उन्हें इलाज के लिए कूपर अस्पताल में भेजा गया है। जबकि 48 वर्षीय अजी मुल्ला को इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। जिसकी जानकारी मनपा के आपात्कालीन विभाग ने दी है।

# पश्चिम रेलवे ने बिना टिकट यात्रियों से वसूला 8 करोड़ रुपये जुमार्ना

## लगभग 1 लाख 95 हजार मामले पकड़े गए

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट व अवैध रुप से यात्रा करने वाले यात्रियो के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के अंतर्गत मई महीने में लगभग 1 लाख 95 हजार मामले पकड़े गये। इन मामलों के आरोपियों से 8 करोड़ 33 लाख रुपए जुमार्ने के रूप में वसूल किया गया है। जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 8.47 प्रतिशत अधिक है।

गौरतलब है कि लोकल को मुंबईकरों की दूसरी लाइफ लाइन कहा जाता है। लोकल से बड़ी संख्या में यात्रियों द्वारा यात्रा की जाती है। ऐसे में कई बार यात्रियों द्वारा बिना टिकट ही यात्रा की जाती है। ऐसे यात्रियों पर नियंत्रण लगाने के लिए बिना टिकट व अवैध रूप से यात्रा करने वालों के खिलाफ समय समय पर पश्चिम रेलवे द्वारा सघन अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत इस वर्ष मई महीने में लगभग1 लाख 95 हजार से भी अधिक मामले पकड़े गये। इन मामलों के आरोपियों से 8 करोड़ 33 लाख रुपए जुमार्ने के रूप में वसूल किया गया है। जो कि पिछले वर्ष की इसी



अवधि की तुलना में 8.47 प्रतिशत अधिक है। वहीं इस कार्रवाई के दौरान, इसके अतिरिक्त 941 भिखारियों तथा अनधिकृत फेरीवालों को रेल परिसर से बाहर कर जुमार्ना वसूल किया गया तथा111 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र भाकर द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जून, 2017 के दौरान, दलालों तथा असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध पश्चिम रेलवे द्वारा 202 जाँचें आयोजित की गईं। इनके परिणामस्वरूप 139 व्यक्तियों को पकड़ा गया तथा रेल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा चलाकर उनसे जुमार्ना प्राप्त किया गया। जून,2017 के दौरान, सुरक्षिणी दस्ते द्वारा 12 वर्ष से अधिक उम्र के 55 स्कूली बच्चों को उपनगरीय ट्रेनों के महिला डिब्बों में सफर करते हुए पाया गया, जिन्हें वहाँ से हटाया गया।

पश्चिम रेलवे द्वारा बिना टिकट यात्रा करनेवालों के विरुद्ध नियमित रूप से ऐसे सघन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाती रही है। अपने अधिकृत रेल उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा बिना टिकट यात्रा में कमी लाने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे द्वारा हमेशा कारगर कदम उठाये जाते रहे हैं। पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बिना टिकट यात्रा के कारण होने वाली राजस्व क्षति तथा इस तरह की अन्य अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखी जाती है।


## दुष्कर्म की वजह से दो किशोरों ने जहर पी लिया

**मुंबई।** पवई में दो किशोरों के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दुष्कर्म करने वालों ने दोनों बच्चों को इतना ज्यादा डरा दिया कि दोनों ने बाद में जहर पी लिया। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत काफी गंभीर है। पुलिस ने एक आरोपी की शिनाख्त कर ली है, पर अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। सूत्रों के अनुसार, दोनों किशोरों के साथ जुलाई के पहले हफ्ते में यह दुष्कर्म किया गया। आरोपियों ने इसके बाद दोनों को धमकी दी कि यदि उन्होंने किसी से शिकायत की, तो उन्हें और उनके परिवार को वे छोड़ेंगे नहीं। किशोर इसके बाद चुप रहे। वे नियमित स्कूल और ट्यूशन जाते रहे। 12 जुलाई को दोनों ने खुदकुशी करने का फैसला कर लिया।

## आवश्यक सूचना

पाठकों को सूचित किया जाता है कि **'दैनिक मुंबई हलचल'** के नाम पर अगर कोई भी व्यक्ति आपसे किसी भी तरह का 'व्यवहार' करता है तो इसकी पुष्टि के लिए इस नंबर पर संपर्क कर लें। **(9619102478)**

## मुंबई के रेलवे स्टेशनों पर फ्री वाईफाई बना सिरदर्द



**मुंबई।** मुंबई में उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर फ्री वाईफाई अब रेलवे के लिए सिरदर्द बन गया है। शरारती तत्व यहां रात के दौरान पोर्न सामग्री देखते रहते हैं। वेस्टर्न रेलवे के सीनियर डिवीजन कमर्शियल मैनेजर आरती सिंह परिहार का कहना है कि हमें ऐसी शिकायतें मिली हैं कि स्टेशनों पर फ्री वाईफाई का दुरुपयोग हो रहा है। रेलवे के अधिकारी अब रेलटेल नामक एजेंसी से संपर्क कर रहे हैं ताकि आधी रात के बाद वाईफाई की सुविधा बंद की जा सके जब उपनगरीय स्टेशनों पर अंतिम ट्रेन भी जा चुकी हो। योजना ये भी है कि आउटस्टेशन से प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के स्टेशन पर भी वाईफाई के दुरुपयोग को रोकने के लिए रेलटेल से डिवाइस मेथड की मदद मांगी जाएगी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि स्टेशन पर कई ऐसे भी लोग पोर्न देखते पाए गए हैं जो कि यात्री नहीं हैं। रेलवे सुरक्षा बल के सिपाही उन्हें बाहर भगा देते हैं लेकिन वे किसी तरह दोबारा घुस आते हैं। हाल ही में यह सुविधा 19 स्टेशनों पर दी गई है जिनमें मुंबई सेंट्रल, चेंबूर, घाटकोपर, कुर्ला, ठाणे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, बांद्रा, वाशी, कल्याण, पनवेल, बोरीवली, चर्चगेट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, भायखला, खार रोड, दादर सेंट्रल रेलवे, दादर वेस्टर्न रेलवे, अंधेरी और बांद्रा टर्मिनस शामिल हैं।

## महिला के ऊपर नारियल का पेड़ गिरने से मौत

**मुंबई।** मुंबई के चेंबूर इलाके में एक महिला के ऊपर नारियल का पेड़ गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गया। सुबह कंचन राजतनाथ नाम की यह महिला वॉक के लिए निकली थी। सड़क पर जा रही कंचन को इस बात का अंदाजा नहीं था कि अगले ही पल क्या होने जा रहा है। अचानक उसके ऊपर एक नरियल का पड़े गिर गया। जैसे ही महिला पर पेड़ गिरा लोग दौड़कर उसके पास पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। यह हादसा यूं ही अवानक नहीं हुआ। चंद्रोदय सोसायटी में लगे इस पेड़ को काटने के लिए 17 फरवरी को अर्जी दी गई थी। लेकिन तब बीएमसी अधिकारियों ने पेड़ का मुआयना किया लेकिन इसके बाद पेड़ के मजबूत होने और उसे काटने की जरूरत न होने की रिपोर्ट दी गई।

## मेरी सरकार पर संकट आया तो बचाने मौजूद हैं कई अदृश्य हाथ : फडणवीस



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं हैं। यदि किसी तरह का खतरा पैदा भी हुआ तो सरकार बचाने कई अदृश्य हाथ आगे आ जाएंगे। कोई भी राजनीतिक भूकंप नहीं आने वाला है। मुख्यमंत्री ने शिवसेना का नाम लिए बगैर उस पर निशाना साधा है। शनिवार को एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे खुशी हुई कि एनडीए उम्मीदवार को महाराष्ट्र से 208 वोट मिले। 145 वोटों का गणित मुझे मीडिया ने समझाया।

गौरतलब है कि राष्ट्रपति चुनाव में सत्तापक्ष कई विपक्षी विधायकों का समर्थन हासिल करने में कामयाब रहा है। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे कई लोगों ने फोन कर इस बात के लिए बधाई दी कि बगैर शिवसेना के 145 (विधायक) तक की संख्या पर पहुंच गए। बता दें कि सरकार चलाने के लिए 145 विधायकों के समर्थन की जरूरत होती है। फडणवीस ने कहा कि हमनें भले ही अलग-अलग चुनाव लड़ा लेकिन अब मिलकर सरकार चला रहे हैं। हम पांच साल तक एक साथ मिलकर सरकार चलाएंगे। फिर भी यदि कोई समस्या आई तो कई अदृश्य हाथ हमारी सरकार बचाने के लिए खड़े हैं। हमें चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## आवश्यक है

**'दैनिक मुंबई हलचल'** अखबार के लिए दक्षिण मध्य मुंबई, बांद्रा, कुर्ला, गोवंडी, अंधेरी, मालाड, दहिसर, ठाणे, मीरा रोड इत्यादि अनेक क्षेत्रों से अंशकालीन संवाददाताओं की आवश्यकता है तुरंत संपर्क करें कॉल करें समय (3 से 6 बजे) **(9619102478)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मानहानि की धमकी

**तृणमूल** सुप्रीमो व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने पार्टी नेताओं के विरुद्ध चिटफंड घोटाला सारधा कांड और नारद स्टिंग कांड में सीबीआइ और ईडी की जांच पर आपत्ति है। उन्होंने घोटाला और नारद स्टिंग कांड में फंसे सभी नेताओं को क्लीन चिट दी है। स्टिंग आपरेशन और चिटफंड घोटाला को ममता भ्रष्टाचार या अनैतिक कार्य मानने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने 21 जुलाई की शहीद दिवस रैली में सार्वजनिक रूप से कहा कि एक के बाद एक उनके नेताओं को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। उनके केंद्र सरकार का विरोध करने पर तृणमूल नेताओं को परेशान किया जा रहा है। पांच वर्षों से सीबीआइ का यह खेल चल रहा है, लेकिन मामले का पटाक्षेप नहीं हुआ। ममता ने कहा है कि तृणमूल कांग्रेस नेताओं का दोष प्रमाणित नहीं हुआ तो वह हजारों करोड़ रुपये की मानहानि का मामला करेंगी। साथ ही ममता ने कहा है कि नोटबंदी एक बड़ा भ्रष्टाचार है। नोटबंदी के समय बड़ा फंड भाजपा के खाता में गया है जिसकी जांच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने जीएसटी पर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि जीएसटी से बंगाल समेत देश की अर्थव्यस्था प्रभावित हुई है। जीडीपी में भारी गिरावट आई है। ममता का यह तर्क अपनी जगह पर सही हो सकता है। इसलिए कि नोटबंदी और जीएसटी की आलोचना करनेवालों की कमी नहीं है। लेकिन आलोचना करना और विरोध कर किसी व्यवस्था को गलत ठहरना दोनों लग-अलग चीज है। ममता नोटबंदी और जीएसटी को गलत ठहराने की साबित कर रही हैं। लेकिन नोटबंदी और जीएसटी दोनों एक एक प्रक्रिया के तहत लागू की गई। जीएसटी तो बाकायदा संसद से संविधान संशोधन विधेयक पास करा कर लागू की गई। नोटबंदी लागू करने के लिए भी जरूरी वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा किया गया। हालांकि इसमें गोपनीयता बरतनी जरूरी थी तो उसका भी पालन किया गया। यह केंद्र सरकार का एक कड़ा फैसला है। कड़ा फैसला लागू करने से कुछ देर के लिए असुविधा होती है, लेकिन उसका दूरगामी अच्छा परिणाम देखा जा सकता है। लेकिन आश्चर्य है कि ममता को इसमें भ्रष्टाचार नजर आ रहा है। उन्होंने इसकी जांच की मांग की है। अब सवाल उठता है कि यदि भ्रष्टाचार साबित नहीं हुआ तो क्या ममता बनर्जी पर मानहानि का मुकदमा नहीं होना चाहिए? इसका जवाब तो उन्हीं से पूछा जाना चाहिए।

## सुविचार

**मेरी हैसियत से ज्यादा मेरे थाली में तूने परोसा है,**
**तु लाख मुश्किलें भी दे दे मालिक, मुझे तुझपे भरोसा है।**

# विचारधारा के मोर्चे पर लंबी बढ़त

**यह** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के लिए ऐतिहासिक अवसर है कि देश के दो और शीर्ष संवैधानिक पदों राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति पर उसकी विचारधारा वाले नेता विराजमान होने जा रहे हैं। इनके अलावा प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के पदों पर पहले से ही भाजपा नेता आसीन हैं। जैसे राष्ट्रपति पद के लिए रामनाथ कोविंद का निर्वाचन तय माना जा रहा था वैसे ही उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में भी वेंकैया नायडू की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है। एक साथ चार महत्वपूर्ण पदों पर संघ-भाजपा की विचारधारा वाले नेताओं की मौजूदगी का आधार 2014 के आम चुनाव में पार्टी की ऐतिहासिक जीत रही, जो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हासिल हुई। लोकसभा में अपने बलबूते बहुमत हासिल करने के बाद भाजपा कई राज्यों में चुनावी जीत हासिल कर चुकी है और यह दिख रहा है कि यह सिलसिला कायम रहने वाला है। संघ और भाजपा के नेता जब अपने अब तक के सफर पर निगाह डालेंगे तो उन्हें यह देखकर संतोष होगा कि वे अपनी विचारधारा वाले व्यक्तियों को शीर्ष पदों पर पहुंचाने में सफल रहे। संघ आजादी के पहले से ही राष्ट्रवाद वाली अपनी विचारधारा के प्रसार में लगा है। उसके लिए यह काम आसान नहीं था, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान पर बार-बार जोर देते हुए कांग्रेस ने एक लंबे अर्से तक राजनीतिक पटल पर राज किया। चूंकि कांग्रेस आजादी के पहले से ही अपनी विचारधारा से देश के बड़े वर्ग को प्रभावित करने में सफल रही इसलिए उसे इसका लाभ स्वाधीनता के बाद भी मिला। वह एक के बाद एक चुनाव जीतती रही। चूंकि उसे चुनौती देने वाले दल उसके आसपास भी नजर नहीं आते थे इस कारण कई दशकों तक उसने लगातार केंद्रीय सत्ता का नेतृत्व किया।

किसी भी समाज में दो या तीन तरह की विचारधाराएं चलती हैं। कांग्रेस की सोच को लोगों ने प्रारंभ में स्वीकार किया, लेकिन जैसे-जैसे उन्हें यह अहसास होने लगा कि यह परिवारवाद के साथ ही तुष्टीकरण की ओर बढ़ रही है तो लोगों का उससे मोहभंग होने लगा। संघ ने कांग्रेस के विरोध के साथ ही एक वैकल्पिक विचारधारा लोगों के समक्ष रखी। फिर उसका राजनीतिक संगठन जनसंघ राजनीति में सक्रिय हुआ। आपातकाल के बाद 1977 में इंदिरा गांधी को सत्ता से उखाड़ फेंकने में जनता पार्टी को जो सफलता मिली उसमें जनसंघ की प्रमुख भूमिका थी। जनता पार्टी के विघटन के बाद जनसंघ का नया रूप भारतीय जनता पार्टी के रूप में सामने आया। धीरे-धीरे भाजपा अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा स्थापित करने में सफल होती गई और अंततः अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र की सत्ता में भी पहुंची। 2014 में गठबंधन राजनीति के सिलसिले को तोड़कर भाजपा का अपने दम पर केंद्रीय सत्ता तक पहुंचना उसका दूसरा उत्कर्ष था। कोविंद का राष्ट्रपति चुना जाना भी भाजपा की विचारधारा के प्रसार का एक बड़ा प्रमाण है।

हालांकि कई विपक्षी नेताओं ने रामनाथ कोविंद को बधाई दी है, लेकिन यह किसी से छिपा नहीं कि तमाम दल और विशेष रूप से कांग्रेस संघ और भाजपा को अस्पृश्य मानती है। इसके पीछे कहीं न कहीं खुद को श्रेष्ठ समझने की मानसिकता ही है। उसके कई नेता भाजपा और संघ को सम्मान की निगाह से नहीं देखते। ऐसे में जब कोविंद राष्ट्रपति और वेंकैया नायडू उपराष्ट्रपति पद पर आसीन होंगे तब देखना यह होगा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों का उनके प्रति क्या



रुख रहता है? ध्यान रहे कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष की साझा प्रत्याशी मीरा कुमार ने राष्ट्रपति चुनाव को विचारधारा की लड़ाई बताया था। देखना है कि क्या कांग्रेस विचारधारा का सवाल आगे भी खड़ा करेगी?

कोविंद के राष्ट्रपति चुने जाने और उपराष्ट्रपति पद पर वेंकैया नायडू के आसीन होने की संभावना के साथ ही मोदी सरकार के लिए आगे का राजनीतिक सफर काफी कुछ आसान दिखने लगा है। मोदी स्वयं पिछड़े वर्ग से आते हैं और एक दलित को राष्ट्रपति पद तक पहुंचाकर उन्होंने एक बार फिर यह संदेश दिया कि वह समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह दलित समुदाय के बीच यह संदेश देने में खास सफल रहे कि हर वर्ग की भलाई उनकी सरकार का एजेंडा है। यह संदेश इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भाजपा को अमीरों और शहरी तबके की पार्टी के रूप में प्रचारित किया जाता रहा है। भाजपा अपनी रीति-नीति के जरिये इस धारणा को तोड़ने में सफल रही है कि वह किन्हीं खास वर्गों के प्रतिनिधित्व तक ही सीमित है। इसके कई सकारात्मक नतीजे भी सामने आए हैं। लोकसभा चुनाव के उपरांत एक के बाद एक राज्यों और फिर हाल में उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजों ने यह पूरी तौर पर साफ किया कि पिछड़े वर्गों के साथ-साथ दलित भी बढ़-चढ़कर भाजपा का साथ दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश में पार्टी की ऐतिहासिक जीत में इन दोनों वर्गों का खासा योगदान रहा। भाजपा का इन दोनों वर्गों ने जिस तरह समर्थन किया उसकी कल्पना शायद ही किसी ने की हो। अब जब दो साल बाद लोकसभा चुनाव फिर होने हैं तो दलितों के बीच गए इस संदेश का महत्व बढ़ जाता है कि उनके बीच का एक व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में सफल रहा। इसी तरह वेंकैया नायडू का उपराष्ट्रपति चुना जाना भाजपा के लिए दक्षिण में अपनी पैठ मजबूत करने में सहायक हो सकता है। दक्षिण के राज्यों में जनाधार बढ़ाना भाजपा का एक पुराना सपना रहा है, लेकिन यह उतनी तेजी से साकार नहीं हो सका जितनी कि पार्टी उम्मीद कर रही थी।

हालांकि राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित रामनाथ कोविंद का राजनीतिक इतिहास ऐसा नहीं जिसके आधार पर उनकी तुलना शीर्ष पद पर पहुंचे किसी अन्य राजनेता से की जा सके, लेकिन दलित समाज के एक सदस्य का देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचना अपने आप में गर्व की बात है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि आजादी के इतने साल बाद भी इस समाज के साथ भेदभाव होता चला आ रहा है। कोविंद के राष्ट्रपति बनने से इस समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

भले ही राष्ट्रपति के अधिकार सीमित होते हों, लेकिन इस पद पर आसीन होने वाले व्यक्ति के सामने कई अहम जिम्मेदारियां भी होती हैं। यह देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है और इस लिहाज से राष्ट्रपति के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी विचारधारा त्यागकर एक निरपेक्ष भाव रखने की होती है। रामनाथ कोविंद के समक्ष यह भी चुनौती होगी कि वह राष्ट्रपति भवन में हर विचारधारा को सम्मान देते और संवैधानिक मयार्दाओं की रक्षा करते हुए दिखें। वह एक ऐसे व्यक्ति की जगह ले रहे हैं जिनके पास बहुत लंबा राजनीतिक अनुभव है। प्रणब मुखर्जी जब राष्ट्रपति बने थे तब उनके पास करीब 40 साल का राजनीतिक अनुभव था। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद कभी ऐसा प्रतीत नहीं हुआ कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पद पर अलग-अलग विचारधाराओं वाले व्यक्ति आसीन हैं। वह राष्ट्रपति के तौर पर कांग्रेस की विचारधारा से मुक्त दिखे। उम्मीद है कि इस कसौटी पर रामनाथ कोविंद भी खरे उतरेंगे और संविधान के रक्षक के तौर पर इस पद की गरिमा बढ़ाएंगे।

# चुनावी चंदे का सवाल

वित्त मंत्री अरुण जेटली का यह कथन हैरान करने वाला है कि राजनीतिक चंदे को पारदर्शी बनाने के मामले में राजनीतिक दल सुझाव देने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। उनके अनुसार यह तब है जब वह इसके लिए मौखिक और साथ ही लिखित में अनुरोध कर चुके हैं। इसका मतलब है कि चुनावी सुधार को लेकर राजनीतिक दलों की ओर से दिए जाने वाले बयान केवल दिखावे के लिए हैं-हाथी के दांत की तरह।

राजनीतिक दलों के ऐसे रवैये की पुष्टि तब भी हुई थी जब नोटबंदी के बाद प्रधानमंत्री ने सरकारी धन से चुनाव लड़ने के विचार को आगे बढ़ाया था। इस विचार का शायद ही किसी राजनीतिक दल ने समर्थन किया हो। यह कोई नई बात नहीं कि राजनीतिक दल न तो चुनाव सुधार के लिए तैयार हैं और न ही राजनीतिक सुधार के लिए। वे इन सुधारों के बारे में बातें तो बड़ी-बड़ी करते हैं, लेकिन जब किसी नतीजे-निर्णय पर पहुंचने की बारी आती है तो कन्नी काट जाते हैं। ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों के बीच इस पर सहमति सी नजर आती है कि उन्हें आम राय पर नहीं पहुंचना। ऐसी स्थिति में उचित यही है कि सरकार अपने स्तर पर फैसला ले और आगे बढ़े। यदि वह आम सहमति का इंतजार करेगी तो फिर राजनीति और चुनाव प्रक्रिया को साफ-सुथरा करने का उद्देश्य कभी भी पूरा होने वाला नहीं है। यह ठीक है कि केंद्र सरकार ने गुमनाम चंदे की सीमा 20 हजार से घटाकर दो हजार रुपये कर दी है और चुनावी बांड के जरिये चंदे की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में लगी हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि इतने भर से बात बनने वाली नहीं है। राजनीतिक दल जिस तरह पहले यह दिखा देते थे कि उन्हें बड़ी मात्रा में फुटकर यानी बीस हजार से कम राशि का चंदा मिला वैसे ही अब वे यह भी दिखा सकते हैं कि उन्हें दो-दो हजार रुपये का चंदा बहुत मिल रहा है।

आखिर जब डिजिटल लेन-देन की मुहिम चल रही है तब फिर राजनीतिक चंदा भी इस मुहिम का हिस्सा क्यों नहीं बन सकता? यदि फिलहाल यह संभव न हो तो कम से कम इतना तो किया ही जाना चाहिए कि राजनीतिक दल एक सीमा से अधिक नकद चंदे की वसूली न दिखा सकें। यह सीमा राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के लिए अलग-अलग रखी जा सकती है। अब जब यह स्पष्ट हो गया है कि राजनीतिक दल मौजूदा व्यवस्था से ही संतुष्ट हैं और वे पारदर्शिता के दायरे में आने को तैयार नहीं तब फिर केंद्र सरकार को चुनाव आयोग से मिले सुझावों पर विचार करना चाहिए। इतना ही नहीं उसे चुनाव प्रक्रिया में सुधार की मुहिम चला रहे संगठनों से भी सलाह-मशविरा करना चाहिए।

यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि राजनीतिक दलों के आय-व्यय में पारदर्शिता न आने का मतलब है कालेधन की राजनीति के साथ राजनीतिक भ्रष्टाचार जारी रहना। यह एक तथ्य है कि रातों-रात पैसे बांटकर चुनाव जीतने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि अब चुनाव आयोग नकदी की छानबीन और बरामदगी करने लगा है। इस मामले में चुनाव आयोग डाल-डाल तो पैसे बांटकर चुनाव लड़ने वाले पात-पात नजर आते हैं।

# कर्जमाफी और जीएसटी को लेकर सरकार को घेरेगा विपक्ष



**मुंबई।** राज्य विधानमंडल का मानसून सत्र हंगामेदार रहने के आसार हैं। आज से शुरू हो रहे मानसून सत्र को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है।

सत्र के दौरान विपक्ष शर्तों के साथ किसानों को दी गई कर्ज माफी, जल्दबाजी में जीएसटी को लागू करने, मंत्रियों के घोटालों व सातवें वेतन आयोग को लागू न करने जैसे कई मुद्दों को आधार बनाकर सरकार पर हमला बोलेगा। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा कि अधिवेशन के दौरान किसानों की कर्ज माफी मुद्दा मुख्य होगा। सरकार ने कर्ज माफी के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी की है। इसके अलावा झोपडपट्टी पुनर्वास घोटाले के मामले में विपक्ष राज्य के गृह निर्माण मंत्री प्रकाश मेहता को घेरेगा।

सावंत ने कहा कि सरकार की वित्तीय हालत इतनी खराब है कि वह विकास से जुड़ी योजनाओं की निधि में कटौती कर रही है। सरकार के कई मंत्रियों पर घोटाले के आरोप हैं। सरकार ने 34 हजार करोड़ रुपए के कर्ज माफी की घोषणा की है लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। वहीं बिना तैयारी के जीएसटी को लागू किए जाने को लेकर व्यापारी वर्ग भी बहुत खुश नहीं है।

### कानून व्यवस्था का मुद्दा भी उठाएगी हमारी पार्टी

*राज्य में खराब कानून व्यवस्था का जिक्र करते हुए राकांपा प्रवक्ता नवाब मलिक ने कहा कि हमारी पार्टी ने पहले ही उन मुद्दों को लेकर नोटिस दे दिया है जिन्हें मानसून सत्र के दौरान उठाया जाना है। जेल में घट रही अप्रिय घटनाओं को लेकर जेल प्रशासन पहले से सवालों के घेरे में है। शिवसेना भी कर्जमाफी के निर्णय को लागू होने में हो रही देरी को लेकर सवाल उठाने की तैयारी में है। शिवसेना विधायक नीलम गोर्हे ने कहा, मैं स्वाइन फ्लू, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार व लड़कियों की संख्या में आ रही गिरावट के मुद्दे को उठाऊंगी।'*

### विपक्ष के पास कोई प्रभावशाली मुद्दा नहीं : भंडारी

*प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा कि राज्य की जनता ने सरकार के फैसलों को स्वीकार किया है। विपक्ष सिर्फ नाम के लिए अच्छी चीजों का विरोध कर रहा है। लोगों ने वित्तीय सुधार के रूप में लागू की गई जीएसटी को स्वीकार कर लिया है। विपक्ष के पास इस बार के सत्र में उठाने के लिए कोई प्रभावी मुद्दा नहीं है।*

## अभिनंदन प्रस्ताव: पवार को इंदिरा से बड़ा नेता मानते हैं राकांपाई





**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता शरद पवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी से बड़ा नेता मानते हैं। आज से शुरू हो रहे विधानमंडल के मानसून सत्र में इन दोनों नेताओं का अभिनंदन प्रस्ताव पेश होने वाला है। पर इसको लेकर कांग्रेस-राकांपा में ठन गई है। राकांपा नेता विधानसभा में विपक्ष के नेता राधाकृष्ण विखेपाटील व विधान परिषद में कांग्रेस के गटनेता शरद रणपिसे पर दबाव डाल रहे हैं कि वे विधानमंडल सचिवालय को लिखा वह पत्र वापस लें जिसमें अभिनंदन प्रस्ताव पेश करने के लिए प्रोटोकॉल का पालन करने की मांग की गई है। दरअसल राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के संसदीय क्षेत्र में सक्रिय होने के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। विधानसभा सदस्य गणपतराव देशमुख के सदन में चार दशक पूरे हो गए हैं। इन दोनों नेताओं के सम्मान में विधानमंडल के दोनों सदनों में अभिनंदन प्रस्ताव पेश करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संसदीय कामकाज का गौरव करने का निर्णय लिया गया है। विधानमंडल के बजट सत्र में ही यह प्रस्ताव सदन में रखा जाना था लेकिन कर्जमाफी को लेकर विपक्ष के बहिष्कार के चलते ऐसा नहीं हो सका था। अब सत्ताधारी भाजपा ने इस प्रस्ताव में दिनदयाल उपाध्याय और नानादेशमुख का भी नाम शामिल कर दिया है।

# महाराष्ट्र: खुले में शौच करते पकड़े गए दादा, पोती ने सुनाई सजा

**उस्मानाबाद/मुंबई।** वैसे तो स्वच्छ भारत अभियान पूरे देश में चल रहा है, लेकिन महाराष्ट्र में इसे अनोखे अंदाज में अंजाम दिया जा रहा है। यहां स्कूली बच्चे खुले में शौच करते पकड़े गए लोगों को जज बनकर सजा सुना रहे हैं। दरअसल, राज्य में खुले में शौच के खिलाफ एक जुलाई से अभियान-90 शुरू किया गया है। मकसद 90 दिनों के अंदर गांवों को खुले में शौच से मुक्त कराना है। इसी के तहत उस्मानाबाद जिला परिषद के सीईओ ने जिले के स्कूलों में विद्यार्थी अदालत लगाने का आदेश दिया है। दोषी को इस अदालत का आदेश मानना ही होता है। दोषी पाए गए सुकटा गांव के विठ्ठल भडके बताते हैं-विद्यार्थी अदालत मे मेरी पोती ही जज बनी थी। उसने मुझे खुले में शौच करने के आरोप में सजा सुनाई। अब तक भवानवाडी, पाडोली, वारेवडगांव, भोगलगांव जैसे गांवों में विद्यार्थी अदालत लग चुकी है। इन अदालतों में खुले में शौच करने वालों को पेश किया गया। 20 दिनों में 23 गांवों को खुले में शौच से मुक्त किया गया है। 406 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर 81,200 रुपए जुर्माना भी वसूला है। विद्यार्थी अदालत ने 56 लोगों



को पूरे गांव के अलावा मंदिरों और स्कूलों में झाड़ू लगाने की सजा सुनाई, जबकि 350 लोग स्कूल में अपने बच्चों के सामने जलील होने से बचने के लिए घर पर शौचालय बनवाने को राजी हो गए, इसलिए उन्हें विद्यार्थी अदालत में नहीं पेश किया गया। भूम के दांडेगांव में 14 जुलाई को पहली विद्यार्थी अदालत लगी। इसमें खुले में शौच करने वाले 23 लोग पेश हुए। विद्यार्थी अदालत ने उन्हें 200-200 रुपए का जुमार्ना और पूरे गाव की सफाई करने की सजा सुनाई। इसके अलावा गांव के 36 में से 30 परिवारों ने उसी दिन घर पर शौचालय बनवाने का काम शुरू कर दिया।

**पोती ही जज बनी**

दांडेगांव के अन्नपूर्णा भोगील ने भी अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया-विद्यार्थी अदालत ने मुझे पूरे गांव की सफाई करने की सजा सुनाई। मुझे बहुत शर्म आई, सजा से बचने के लिए मैंने उसी दिन घर पर शौचालय बनाने का काम शुरू कर दिया। वारेवड गांव के प्रभाकर गाडे बताते हैं-मैं मजदूर हूं। मेरी पत्नी बीमार है, लेकिन विद्यार्थी अदालत की सजा के चलते मैंने शौचालय बनवाने का काम शुरू कर दिया है। भूम के बीडीओ राजू कांबले का कहना है-हमने तहसील में विद्यार्थी अदालत का आयोजन कर रहे हैं। यह पहल काफी कामयाब भी हो रही है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**मालाड पुलिस स्टेशन के पास...**

गार्डेन बीयर बार से परेशान लोगों ने इसके खिलाफ हिंदू संगठनों से शिकायतें की जिसकी काफी प्रतिक्रियाएं मिली हैं। सरकारी नियम के अनुसार किसी भी शिक्षण संस्थान, धार्मिक स्थल और श्मशान भूमि आदि के 100 मीटर के दायरे से दूर रखने पर ही बीयर बनाने का लाइसेंस दिया जाता है। लेकिन मालाड पश्चिम में मालाड पुलिस स्टेशन के पास स्थित गार्डेन बीयर बार को इस नियम कानून को नजरअंदाज करके लाइसेंस दिया गया जो सरासर किसी बडे भ्रष्टाचार की तरफ इशारा करता है। इस संबंध में जब एक हिंदू संस्था के सदस्य ने बार मैनेजर से जानकारी ली उसने हंसकर कहा कि मंदिर में पूजा करने और चिता जलाने के बाद लोग सीधा हमारे यहां आते हैं। इस संबंध में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद दूबे ने कहा कि इस गार्डेन बीयर बार की वजह से समाज में अराजकतत्व काफी सक्रिय हो गये हैं। हिंदुओं की भावनाओं को इस बार से काफी ठेस लगी है इस पर कार्रवाई जरूरी है। जबकि मानव विकास संस्था के कानूनी सलाहकार ॲड. अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा है कि जब 100 मीटर के दायरे में मटन शराब की बंदी है तो इस मंदिर के बिल्कुल पास गार्डेन बीयर बार को लाइसेंस मिलना भ्रष्टाचार को दिखाता है। विश्व हिंदू परिषद मार्वे के जिला अध्यक्ष हरीश जालान ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि मनपा और पुलिस की सांठगांठ से गार्डेन बीयर बार चल रहा है जो समाज विरोधी कार्य है इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। संकल्प सिद्धि संस्थान के संस्थापक पंडित अनिल तिवारी ने कहा है कि मंदिर और श्मशान के पास गार्डेन बीयर बार को लाइसेंस मिलना खुलेआम सरकारी नियम का उल्लघंन है और हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड है। नरेंद्र मोदी विचार मंच के मुंबई उपाध्यक्ष ब्रिजेश सिंह ने कहा है कि गार्डेन बीयर बार के खिलाफ जल्द ही मुहिम शुरु की जायेगी और सरकार से इस बारे में सफाई मांगी जायेगी।

इस बात से हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को काफी ठेस पहुंची है और इससे किसी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, बीएमसी कमिश्नर अजोय मेहता और पुलिस कमिश्नर दत्तात्रय पडसलगिकर से गार्डेन बार पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है। लेकिन अभी तक उनकी मांग पूरी नहीं की जा सकी जिससे इनमें भारी आक्रोश है। सूत्रों ने बताया कि लायसेंस पाने के लिए गार्डेन बार के मालिक ने पहले स्थानीय बीएमसी और पुलिस अधिकारियों को रिश्वत में मोटी रकम दी है। इसके बाद ही गार्डेन बार गुलजार हुआ और मंदिर व श्मशान भूमि के 100 मीटर के दायरे में आने के बावजूद यह आजतक चल रहा है।

**खेलें हम जी जान से**

सारा अपने अर्धशतक से दूर थीं तभी झूलन ने उन्हें विकेट के पीछे सुषमा वर्मा के हाथों लपकवाया। झूलन ने फ्रान विल्सन को खात भी नहीं खोलने दिया और अगली ही गेंद पर उन्हें पवेलियन भेज दिया। यह दोनों 146 के कुल स्कोर पर आउट हुईं। अर्धशतक पूरा करने के बाद नताली भी पवेलियन लौट गईं। वह झूलन की गेंद पर पगबाधा करार दे दी गईं। नताली 164 के कुल स्कोर पर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में 68 गेंदों का सामना करते हुए पांच बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। लग रहा था कि इंग्लैंड 200 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी, लेकिन कैथरीन ब्रंट (34) और जैनी गन (नाबाद 25) ने टीम को 200 के पास पहुंचाया। 196 के कुल स्कोर पर ब्रंट, दीप्ति शर्मा की सीधी थ्रो शिकार हो कर पवेलियन लौट लीं। गन ने इसके बाद लॉरा मार्श (14) के साथ मिलकर टीम को 228 के स्कोर तक पहुंचाया।

**नासिक में हाई अलर्ट**

नासिक में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। राधानगरी, गंगापुर और दार्ना डैम से काफी मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार तीन दिन हो रही बरसात से कोल्हापुर की पंचगंगा नदी में बाढ़ आई है। वहीं कोल्हापुर कसबा बावड़ा रोड़ पर पानी भरने से गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है। कोल्हापुर में राधानगरी डैम 90 फीसदी भरने से पानी छोड़ा जा रहा है। जिले के 82 चेक डैम में फुल हो गए हैं। इससे सड़कों पर पानी आ गया है। 34 रास्तों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है। नासिक के नांदूर माधमेश्वर डैम से 49 हजार 192 क्यूसेक और गंगापुर डैम से 10 हजार 278 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बांध से छोड़े जा रहे पानी की वजह से पंचवटी इलाके में दुतोंड्या मारुति मंदिर के छत तक पानी आ गया है।

# अमरीका ने जम्मू-कश्मीर को लेकर मानी ये गलती !

अमरीकी अधिकारियों ने इस बात की गलती को स्वीकार किया है कि अमरीका के जम्मू-कश्मीर के विवरण में विसंगति रही है लेकिन यह कहते हुए अपनी नीति में कोई बदलाव न होने की बात कही कि कश्मीर को लेकर किसी भी चर्चा की ' 'गति, गुंजाइश एवं चरित्र' का निर्धारण भारत और पाकिस्तान ही करेंगे। अमरीकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, ' 'कश्मीर को लेकर हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं आया है.'' अमरीका द्वारा जम्मू-कश्मीर के विवरण के अलग अलग तरीकों को लेकर सवाल उठने पर यह स्पष्टीकरण दिया गया है। हाल में अमरीका ने एक बयान में इसे ''भारत प्रशासित जम्मू-कश्मीर'' बताया था और इस हफ्ते उसने इसे ' 'भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर '' कहा। विदेश विभाग ने जून में पाकिस्तान



स्थित हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन को ' 'विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी '' करार देते हुए कहा था कि आतंकी समूह ने अप्रैल, 2014 में ' 'भारत प्रशासित जम्मू-कश्मीर '' में हुए हमले सहित कई हमलों की जिम्मेदारी ली है।

# 2000 का नोट बंद करने की तैयारी में सरकार

मोदी सरकार ने 8 नवंबर 2016 को काले धन पर सबसे बड़ी चोट करते हुए देशभर में नोटबंदी कर दी, जिसके तहत 1000 और 500 रुपए के पुराने नोटों को बंद कर उनकी जगह पांच सौ और दो हजार के नए नोट मार्केट में उतारे गए। लेकिन अब खबर है कि सरकार दो हजार रुपए के नोट को भी बाजार से बाहर करना चाहती है। हालांकि इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक और केन्द्र सरकार की तरफ से अभी तक कोई बयान नहीं आया है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आरबीआई अब बाजार में छोटे नोटों की सप्लाइ बढ़ाने की तैयारी में है। आर.बी.आई. अब मार्केट में 50, 100 और 500 रुपए के नोटों की सप्लाई बढाना चाहता है। वहीं खबर तो यह भी है कि अगस्त के अंत तक 200 रुपए के नए नोट भी मार्केट में आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में



दावा किया जा रहा है कि छोटे नोटों की संख्या बढ़ाने का मतलब 2000 रुपए के नोट को बाजार से बाहर का रास्ता दिखाने की शुरूआत हो सकती है जिसके लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने एटीएम रीकैलिब्रेट करना भी शुरू कर दिया है, ताकि 500 रुपए के नोटों को ज्यादा जगह मिले।

**इन कारणों से बंद हो रहा बड़ा नोट** - खबर है कि केन्द्र सरकार छोटे नोटों की सप्लाइ मुख्य रूप से इन दो फायदों के लिए बढाऩा चाहती है। पहला तो यह कि इससे जाली मुद्रा की साजिश पर लगाम लगेगी। दूसरा, सरकार चाहती है कि लोग कैश की जगह ऑनलाइन पेमेंट ज्यादा करें।

# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार किए 4 आतंकवादी, जांच शुरू

जम्मू कश्मीर पुलिस ने रविवार को चार ओवर ग्राउंड आतंकवादियों को श्रीनगर के तेंगपुरा से गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक ये ओवर ग्राउंड वर्कर एक कार में जा रहे थे कि तभी पुलिस ने इन्हें रोक कर तलाशी ली तो इनसे एक एके -47 राइफल बरामद हुई। इसके बाद शक होने पर इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई है। आशंका है कि इस तरह के ओवर ग्राउंड वर्कर सुरक्षा बलों पर नजर रख कर आतंकवादियों को सारी खबर पहुंचाते हैं और उन तक हथियार पहुंचाने का भी काम करते हैं। फिलहाल इनसे पूछताछ जारी है।

# राम मंदिर पर बोले सुब्रमण्यम स्वामी

## कहा- मामले की जल्द और फास्टट्रैक सुनवाई हो

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी का कहना है कि पूजा करने के उनके अधिकार का संरक्षण किया जाना चाहिए और राम जन्मभूमि मुद्दे की जल्द और फास्ट ट्रैक आधार पर सुनवाई हो। वे इस मामले में उच्चतम न्यायालय के ताजा आदेश से संतुष्ट और प्रसन्न हैं जिसमें उसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को शीघ्र सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के मामले में निर्णय लेने की बात कही है। स्वामी ने कहा कि यह मामला 7 वर्षों से सूचीबद्ध नहीं हो पा रहा है। इस मामले की जल्द और फास्ट ट्रैक आधार पर सुनवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने अपनी याचिका में कहा है कि पूजा करने के मेरे अधिकार का संरक्षण किया जाना चाहिए। भाजपा नेता ने दावा किया कि शीर्ष अदालत ने उन्हें इस मामले में पार्टी माना है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि वह राम मंदिर-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले



में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को शीघ्र सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने के मामले में निर्णय लेगा। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने मामले को शीघ्र सूचीबद्ध करने और उस पर सुनवाई शुरू करने का आग्रह किया था जिस पर प्रधान न्यायाधीश जेएस खेहर और न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड वाली पीठ ने कहा कि हम इस बारे में निर्णय करेंगे। बहरहाल, भाजपा नेता ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ मुख्य अपीलें उच्चतम न्यायलय में 7 वर्षों से लंबित हैं और उन पर शीघ्र सुनवाई की जरूरत है। उस स्थान पर बिना किसी परेशानी के पूजा अर्चना के उनके अधिकार के पालन के लिए उन्होंने पहले भी अलग से एक याचिका दायर की थी। बोफोर्स मामले के पुनर्जीवित होने के संबंध में आई रिपोर्ट पर कांग्रेस के विरोध के बारे में पूछे जाने पर स्वामी ने कहा कि कांग्रेस इस मामले में विरोध कर रही है, लेकिन मैं उनसे (कांग्रेस से) पूछना चाहता हूं कि तब उन्होंने बाबरी मस्जिद मामले, गुजरात मामले को फिर से क्यों खोला। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामले में कोई समय सीमा नहीं होती है। केवल यह कह कर कि सबूत नहीं है, किसी आपराधिक मामले को छोड़ा नहीं जा सकता। कांग्रेस पार्टी की आदत हो गई है कि भ्रष्टाचार के मामले में भी वे बदले की कार्रवाई का राग अलापने लगते हैं।

# बगदादी को लेकर ट्रंप ने 'न्यूयॉर्क टाइम्स' पर बोला हमला



अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मीडिया पर हमला बोला। ट्रंप ने 'द न्यू यॉर्क टाइम्स' पर हमला बोलते हुए कहा कि इसकी एक रिपोर्ट के कारण आतंकी संगठन कर के सरगना बगदादी को मारने की अमरीकी कोशिश नाकाम हो गई। जानकारी मुताबिक, अमरीकी राष्ट्रपति ने ट्वीट किया,'नाकाम न्यू यॉर्क टाइम्स ने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी अल बगदादी को मारने के अमरीकी प्रयास को विफल कर दिया। ट्रंप का मीडिया खासकर न्यू यॉर्क टाइम्स पर हमला कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी वह कई बार मीडिया पर हमले कर चुके हैं। बता दें कि अमरीका ने मोस्ट वॉन्टेड आतंकी बगदादी के सिर पर 2.5 करोड़ डॉलर का ऐलान कर रखा है। हालांकि ट्रंप ने यह नहीं बताया कि अखबार की किस रिपोर्ट के कारण बगदादी को को मारने की अमरीकी कोशिश नाकाम हो गई। जवाब में न्यू यॉर्क टाइम्स ने व्हाइट हाऊस से ट्वीट को लेकर स्पष्टीकरण की मांग की है। इतना ही नहीं ट्रंप ने न्यू यॉर्क टाइम्स के अलावा 'द वॉशिंगटन पोस्ट' पर भी हमला किया। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने ऐमजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस के स्वामित्व वाले 'द वॉशिंगटन पोस्ट' पर 'गैरकानूनी लीक्स' के लिए हमला किया। ट्रंप ने लिखा, 'ऐमजॉन वॉशिंगटन पोस्ट की तरफ से एक नया खुफिया लीक, इस बार अटर्नी जनरल जेफ सेशंस के खिलाफ और इस तरह के गैरकानूनी लीक्स...बंद होने चाहिए!'

# PM मोदी बताएं देश की सीमाएं सुरक्षित हैं या नहीं-कांग्रेस



सेना में गोला-बारूद की भारी कमी को लेकर सामने आई कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। सांसद आनंद शर्मा का कहना है कि एक ओर पाकिस्तान सीमाओं पर हर दिन गोलीबारी कर रहा है और चीन सीमा पर दोनों सेनाएं आमने-सामने खड़ी हैं। ऐसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को आश्वस्त करें कि देश की सीमाओं पर सुरक्षा की पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा, सरकार सिर्फ बोलती है, अपना काम नहीं करती है। सरकार कहती है कि कमी पूरी कर दी गई है। 3 साल पहले मैं भी संसद की रक्षा से जुड़ी स्थाई समिति में था, लिहाजा मुझे जानकारी है कि कमी थी। ऐसे में जैसा रिपोर्ट में कहा गया है तो विषय गंभीर है। आनंद शर्मा ने एक बार फिर पार्टटाइम रक्षा मंत्री का मामला उठाते हुए कहा कि देश की रक्षा से जुड़े मुद्दों को राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। लेकिन जब चीन और पाकिस्तान को लेकर तनाव है, ऐसे में वित्त मंत्री अरुण जेटली अपने मंत्रालय के साथ अन्य मंत्रालय भी देखेंगे। ऐसे में स्थायी रक्षा मंत्री के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

# 1971 याद रखे पाक



एनडीए के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार वेंकैया नायडू ने आतंकवाद को बढ़ावा देने को लेकर पाकिस्तान को सख्त लहजे में चेतावनी दी। नायडू ने कहा कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इसका कोई धर्म नहीं होता। हमारे पड़ोसियों को समझना चाहिए कि आतंकवाद को बढ़ाना देने से कोई मदद नहीं मिलने वाली है न तो ये किसी समस्या का समाधान है। उन्हें याद रखना चाहिए कि वर्ष 1971 में लड़ाई में क्या हुआ था। नायडू ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकवाद पाकिस्तान की नीति बन गया है।

उन्होंने कहा कि हमें पड़ोसियों के साथ मतभेद स्वीकार है लेकिन अलगाव को स्वीकार नहीं करेंगे। गौरतलब है कि वर्ष 1971 में पाकिस्तान ने युद्ध के मैदान में भारत के हाथों मुंह की खाई थी। इसी युद्ध का परिणाम है कि पूर्वी पाकिस्तान का बांग्लादेश के रूप में उदय हुआ। पाकिस्तानी सेना के एक लाख से ज्यादा सैनिकों ने भारत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था।

# शौचालय की टंकी पर अवैध निर्माण से हादसे की आशंका





मुंबई, उपनगर मालाड पूर्व कुरार गांव में एक शौचालय एवं उसकी टंकी के ऊपर अवैध निर्माण करने का मामला प्रकाश में आया है ।जिससे यह स्पष्ट होता है कि भूमाफियाओ में मनपा के नियम कानून का कोई खौफ नही रह गया है । मिली जानकारी के अनुसार पी/ नॉर्थ मनपा अंतर्गत वार्ड क्र.43 में कुरार गांव, लक्ष्मण नगर पुलिस चौकी समीप, यूनिक बेकरी के सामने अब्दुल हमीद मिस्त्री चाल स्थित एक शौचालय एवं उसकी टंकी के ऊपर एक बड़े मकान का अवैध निर्माण किया गया है । जिससे कभी भी भयानक हादसा होने की आशंका है ।उक्त चाल मालिक भूमाफिया अब्दुल हमीद ने ही अपने रहने के लिए आलीशान घर का अवैध निर्माण शौचालय की टंकी पर किया है । गौरतलब है कि एक गैस सिलेंडर से भी कई गुणा अधिक गैस भंडारण शौचालय की टंकी में होता है ।इसलिए शौचालय के ऊपर रहने के लिए घर का अवैध निर्माण नही किया जा सकता । बावजूद इसके मनपा के नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए भूमाफिया अब्दुल हमीद ने यह दुःसाहस किया है ।बता दे कि इस बाबत इसके पूर्व भी शिकायत की गई थी ,जिसे गंभीरता से लेते हुए मनपा ने उक्त अवैध निर्माण को तोड़क कार्रवाई कर पूरी तरह से जमींदोज कर दिया था ।इसके बावजूद भूमाफिया अब्दुल हमीद ने पुनः उक्त स्थान पर दुबारा से अवैध निर्माण कर मनपा को चैलेंज दिया है और मनपा अधिकारी खामोश बैठे हैं।

# सड़कों के गड्ढे भरने के लिए मनपा ले रही विदेशी कोल्डमिक्स का सहारा

## दो गड्ढे भरने पर खर्च किया 22 हजार रुपए

मुंबई, मानसून के दौरान भी गड्ढों को भरने के लिए मनपा द्वारा विदेशी कोल्डमिक्स का सहारा लिया जा रहा है। ऑस्ट्रिया देश के मिडास टच व इस्राइल के स्मार्टफील नाम के मटेरियल का उपयोग कर गड्ढा भरने की मनपा द्वारा शुरूआत की गयी हैं मनपा मुख्यालय के सामने के दो गड्ढों को भरने के लिए इस मटेरियल का उपयोग किया गया, जिसपर लगभग 22 हजार रुपये खर्च किया गया हैं गौरतलब है कि मानसून में बड़े प्रमाण में सडकों पर गड्ढे पड़ते हैं इन गड्ढों को भरने के बाद भी दोबारा से उन जगहों पर गड्ढे पड़ने से प्रशासन को नगरसेवकों सहित नागरिकों द्वारा आड़े हाथ लिया जाता था। जिससे इस वर्ष देशी कोल्डमिक्स का उपयोग न कर विदेशी कोल्डमिक्स का सहारा मनपा द्वारा लिया गया है। विदेशों से लाए गए लगभग 38 टन कोल्डमिक्स एक महीने तक गोदाम में पड़े रहने के बाद मनपा को इसकी याद आयी हैं मनपा मुख्यालय के सामने पड़े गड्ढों को मनपा के ए विभाग द्वारा मिडास टच मटेरियल का उपयोग कर भरा गया` इस दौरान लगभग 168 किलो मिडास टच का उपयोग कर दो गड्ढों को भरा गया। यह मिडास टच लगभग 130 रुपए में एक किलो मिलता है जिसके अनुसार लगभग 22 हजार रुपये खर्च दो गड्ढों को भरा गया है, जो कि बहुत महंगा पड़ रहा है। बारिश में गड्ढे भरने के लिए इसका उपयोग कर तुरंत इसपर से गाड़ियों की आवाजाही शुरू कर दी जाती है। एक बार इन मटेरियल का उपयोग करने के बाद लगभग 3 वर्ष तक दोबारा गड्ढे नहीं पड़ने का दावा मनपा ने किया है। मनपा ने जून महीने में विदेशी मिडास टच व स्मार्टफिल इन दो कंपनियों से कुल 38 टन मटेरियल खरीदा है। जिसके लिए लगभग 70 लाख रुपये खर्च किया गया हैं केवल पांच वॉर्ड में कोल्डमिक्स उपलब्ध मनपा द्वारा खरीदा गया विदेशी कोल्डमिक्स मटेरियल पिछले एक महीने से गोदामों में पड़ा था। जिसे वॉर्डों में वितरित करने की शुरूआत दो दिनों से की गयी हैं कई जगहों के सडकों पर पड़े गड्ढों को इस मटेरियल का उपयोग कर भरने की शुरूआत भी की गयी है। वहीं अब तक केवल पांच वॉर्डों में यह मटेरियल वितरित किया गया है जबकि शेष 19 वॉर्डों में इसे वितरित किया जाना है। इस मटेरियल का 80 प्रतिशत मानसून में व 20 प्रतिशत गणेशोत्सव के दौरान किया जाएगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बीते 3 साल में 71,941 करोड़ की अघोषित आय मिली: सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि बीते 3 साल में 71 हजार 941 करोड़ रुपए की अघोषित संपत्ति मिली है। सरकार ने बताया कि ये पैसा इनकम टैक्स (आईटी) डिपार्टमेंट की बड़े पैमाने पर की गई सर्चिंग और सर्वे के दौरान मिला। रिपोर्ट के मुताबिक फाइनेंस मिनिस्ट्री ने कोर्ट को बताया कि 9 नवंबर से 10 जनवरी तक नोटबंदी के दौरान 5400 करोड़ की अघोषित आय जमा हुई। इसमें 303.367 किलो का सोना जब्त हुआ। सरकार ने 1 अप्रैल, 2014 से 28 फरवरी, 2017 तक की अघोषित आय का ब्यौरा दिया है। इसमें नोटबंदी का समय भी शामिल है। सरकार के सुप्रीम कोर्ट में दिए एफिडेविट के मुताबिक, तीन सालों के दौरान आईटी डिपार्टमेंट ने 2,027 ग्रुप्स पर छापे मारे, जिसमें 36,051 करोड़ से ज्यादा की अघोषित आय बरामद हुई। इसके अलावा 2890 करोड़ की अघोषित संपत्ति भी जब्त की।



## 3 साल में 15000 सर्वे किए

*एफिडेविट के मुताबिक, आईटी डिपार्टमेंट ने 1 अप्रैल, 2014 से लेकर 28 फरवरी, 2017 तक 15 हजार सर्वे किए, जिसमें 33 हजार करोड़ की अघोषित आय का पता चला। सरकार ने नोटबंदी के अचीवमेंट्स बताते हुए कहा कि 9 नवंबर से शुरू हुई नोटबंदी के 2 महीनों के दौरान आईटी डिपार्टमेंट द्वारा सख्त कदम उठाए गए। नोटबंदी के दौरान आईटी डिपार्टमेंट ने 1100 सर्चिंग-सर्वे और 5100 वेरिफिकेशंस किए। इस कार्रवाई के चलते 610 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई, जिसमें 513 करोड़ का कैश शामिल है।*

## फाइनेंस मिनिस्ट्री ने क्या कहा?

*हाल ही में फाइनेंस मिनिस्ट्री ने उस बात को खारिज कर दिया था, जिसमें 500 और 1000 के पुराने नोटों को बदलने के लिए और मोहलत देने की बात कही गई थी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, 11 जुलाई को गृह मंत्रालय ने कहा था कि इंटेलिजेंस एजेंसीज के मुताबिक पुराने नोटों को बदलने का बड़े पैमाने पर गलत इस्तेमाल हो रहा था। एफिडेविट के मुताबिक, नवंबर 2016 में 147.9 करोड़ और दिसंबर में 306.897 करोड़ रु. का कैश जब्त किया गया। वहीं नवंबर में 69.1 किलो और दिसंबर 2016 में 234.267 किलो सोना जब्त किया गया। नोटबंदी के दौरान गड़बड़ियों के चलते 400 से ज्यादा मामले सीबीआई और एन्फोर्समेंट डायरेक्टरेट (ईडी) को रैफर किए गए।*

# लालू-राबड़ी की एयरपोर्ट पर होगी सिक्युरिटी चेकिंग

## केंद्र ने बंद किया वीवीआईपी ट्रीटमेंट



**पटना।** लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी को अब एयरपोर्ट पर वीवीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा। अब तक लालू और राबड़ी अपनी कार से स्टेट हैंगर तक जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्हें दूसरे यात्रियों की तरह एयरपोर्ट की सिक्युरिटी चेकिंग से गुजरना होगा। एविएशन मिनिस्ट्री ने इस बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है। खबर के मुताबिक, सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने सिविल एविएशन सिक्युरिटी ब्यूरो (बीसीएएस) को एक लेटर लिखा है, जिसमें लालू-राबड़ी से यह फैसेलिटी वापस लेने का निर्देश दिया गया है। मंत्रालय के लेटर में कहा गया है कि अब यह फैसला लिया गया है कि लालू और राबड़ी को दी गई परमिशन वापस ले ली जाए। इसके अलावा बीसीएएस से अनुरोध है कि वह इस संबंध में संबंधित एजेंसियों को निर्देश जारी करे।

### 'लालू को केंद्र सरकार कर रही परेशान'

केंद्र के इस फैसले पर आरजेडी के स्पोक्सपर्सन मनोज झा ने कहा कि लालू प्रसाद बिहार के सीएम और केंद्र सरकार में रेलवे मिनिस्टर रहे हैं। वे देश के सबसे मशहूर नेताओं में से एक हैं। केंद्र सरकार लगातार विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रही है। पहले तो जांच एजेंसियों को हमारे नेता के खिलाफ यूज किया गया और अब उनकी सिक्युरिटी भी कम कर दी गई है।

# सौ मीटर तक टैंकर के नीचे घसीटाता रहा बाइक सवार



**मुजफ्फरपुर।** मोतीपुर थाना क्षेत्र के एनएच 28 स्थित मोतीपुर थाना के बरजी चौक के समीप तेल भरे टैंकर ने बाइक सवार को ठोकर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में युवक टैंकर में फंसकर 100 मीटर तक घसीटता रहा। जब लोगों ने शोर मचाया तब चालक ने गाड़ी छोड़ भागना चाहा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद ट्रक में फंसे युवक को बाहर निकाला गया। पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया। जख्मी युवक की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के चकवा मेहसी निवासी मो. मुश्ताक आलम के 30 वर्षीय पुत्र नेयाज आलम के रूप में हुई है। वह बाइक से मुजफ्फरपुर जा रहा था। मौके पर पहुंचे बीडीओ राहुल राज और थानाध्यक्ष अनिल कुमार, सीओ शिवजी सिंह ने सड़क जाम हटवाया। पुलिस ने टैंकर व बाइक जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने बताया कि चालक को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। पीड़ित के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# यूपी में विभिन्न स्थान पर गिरफ्त में आए तीन मुन्ना भाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षा में तीन मुन्ना भाई पुलिस की गिरफ्त में आ गए। इटावा के साथ ही बरेली तथा मुरादाबाद में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते मुन्ना भाई पकड़े गए। इटावा में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान अनुसंधान विश्वविद्यालय सैफई की राज्य स्तरीय 2017 की नर्सिंग परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रशांत राजपूत निवासी तिर्वा कन्नौज दूसरे अभ्यर्थी शैलेंद्र यादव निवासी सैफई के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पुलिस का कहना है पूछताछ के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशांत का कहना है कि उसे परीक्षा देने के लिए जान से मारने की धमकी दी गई। इसी कारण वह परीक्षा दे रहा था। बरेली में बरेली कॉलेज में बैचलर ऑफ एलीमेंटरी एजुकेशन (बीएलएड) की प्रवेश परीक्षा में पकड़ा गया मुन्ना भाई। पत्नी अनीता को पास कराने के चक्कर में खुद दे रहा था परीक्षा। पकड़ा गया व्यक्ति बिजनौर का अमरजीत है। कॉलेज प्रबंधन ने उसको पुलिस को सौंप दिया है। मुरादाबाद के सिविल लाइंस के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में हाईकोर्ट की समूह घ की परीक्षा में दूसरे के नाम पर दे रहा युवक पकड़ा गया। बिजनौर के धामपुर के शेरकोट के टिपर के रहने वाले दीपक के स्थान वह परीक्षा दे रहा था। आरोपी दिल्ली के शाहदरा निवासी अखिल है।

# निर्भया स्कीम के तहत यूपी में चलेंगी 50 पिंक बसें

**लखनऊ।** सार्वजनिक परिवहन के साधनों में महिलाओं को असुविधा से बचाने और उन्हें सुरक्षित यात्र मुहैया कराने के लिए निर्भया योजना के तहत प्रदेश में 50 पिंक बसें चलाई जाएंगी। योजना के तहत केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रलय ने महिलाओं की सुविधा को लेकर पिंक बसों व व्यवस्थाओं के लिए कुल 83.40 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया है। त्रिनेत्र योजना के तहत महिलाओं की सुरक्षा के लिहाज से परिवहन निगम अपनी सभी 12,500 बसों में सीसीटीवी व डीवीआर के साथ पैनिक बटन भी लगाएगा। यह बटन आपात स्थिति में महिलाओं की आवाज बसों के बाहर तक पहुंचाएगा और उन्हें मदद मुहैया कराएगा। त्रिनेत्र योजना के लिए 47.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। खासतौर पर महिलाओं के लिए शुरू की जाने वाली पिंक बसें वातानुकूलित होंगी और उनमें एक और तीन सीटों की और दूसरी ओर दो सीटों की कतारें होंगी। इसी तरह 24 इंटरसेप्टर वाहनों के साथ आदिशक्ति के नाम से महिलाओं का सुरक्षा दस्ता भी गठित किया जाएगा। जहां से पिंक बसें शुरू होंगी, उन सभी टर्मिनल पर वातानुकूलित वेटिंग हॉल बनाया जाएगा। परिवहन निगम के अधिकारी विनीत सेठ ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रलय की प्राधिकार समिति के सामने प्रस्तुतिकरण के बाद परिवहन निगम के इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है।



# पति का पुनर्जन्म! 74 साल की महिला ने बछड़े से कर ली शादी

इन दिनों कंबोडिया की रहने वाली खिम हैंग सोशल मीडिया पर चर्चा में छाई हैं। इतना ही नहीं उनके घर पर भी लोगों की भीड़ हो रही है। लोग उन्हें और उनके नए नवेले बछड़े पति को देखने आ रहे हैं। शायद बछड़ा पति सुनकर आप भी हैरान हो रहे होंगे। हुआ ये कि हाल ही में 74 साल की खिम हैंग ने एक बछड़े से शादी रचाई है। इतना ही नहीं वह बछड़े को अपने पति की तरह ही प्यार करती हैं। उसे अपने साथ बेड पर भी सुलाती हैं। वह पूरा दिन बछड़े की देखभाल में लगी रहती है। ऐसे में खिम हैंग का यह पति प्रेम देखकर हर कोई हैरान



है। खिम हैंग का कहना है कि उनके पति टोल खूत इस बछड़े के रूप में वापस उनके पास आए हैं। इतना ही नहीं उन्हें इस बात पर पूरा विश्वास भी है क्योंकि एक दिन उनके पति की आत्मा उनके समीप आई थी। उसने उनसे कहा था कि मैं तुम्हारा पति टोल खूत हूं। इसके बाद वह बछड़ा उनके समीप आया और उनके बालों को सहलाने लगा। इतना ही नहीं उनकी गर्दन को चूमा। इतना ही नहीं यह बछड़ा बिल्कुल वैसे ही सीढ़िया चढ़ता है जैसे उनके पति चढ़ते थे। जिससे उन्हें भी अहसास हो गया कि यह उनका पति ही है। सबसे खास बात तो यह है कि वह बछड़े को उसी कमरे में रखती हैं। जिसमें उनके पति रहते थे। हालांकि उनके बच्चे इस बछडे को अपना पिता नहीं मानते हैं।

# मां-बच्चे का प्यार दिखाती हैं ये तस्वीरें, दिल को छू लेंगे ये पल

बच्चों के प्रति मां का प्यार बिना किसी शर्त के होता है। इंसान ही नहीं, जानवरों के अंदर बच्चो के प्रति उतना ही स्नेह होता है। आज हम आपको दिखाने जा रहे हैं कुछ ऐसी तस्वीरें, जिन्हें देखने के बाद आप भी समझ जाएंगे कि जानवर भी अपने बच्चों से कितना प्यार करते हैं। दो कैटेगरी में बांटे गए हैं जानवर...



इकोलॉजिस्ट के मुताबिक, बच्चों की देखभाल करने के लिहाज से जानवरों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ये हैं १ और ङ। ङ ग्रुप में शामिल किए गए हैं हाथी, बिल्ली और इंसान। इस ग्रुप में शामिल किए गए जीव अपने जीवन में कम बच्चों को जन्म देते हैं और उनसे काफी लगाव रखते हैं। १ ग्रुप के जानवरों के कई बच्चे होते हैं, जिनमें से ज्यादातर की मौत हो जाती है। ये जल्दी बड़े हो जाते हैं और अपने पेरेंट्स से दूर चले जाते हैं। ये तस्वीरें आपका दिल छू लेंगी।

# आधे चेहरे के साथ पैदा हुई थी, अमेरिका में सर्जरी के बाद ऐसी दिखती है

आधे चेहरे के साथ पैदा हुई थी, अमेरिका में सर्जरी के बाद ऐसी दिखती हैआधे चेहरे के साथ पैदा हुई थी, अमेरिका में सर्जरी के बाद ऐसी दिखती हैदुनिया में ऐसे कई लोग हैं जो विकृत हैं। ऐसी ही एक लड़की आधे चेहरे के साथ पैदा हुई। अब वह सर्जरी करवाकर पूरी तरह बदल जाएगी। स्लोवाकिया में रहने वाली 30 साल की इवांका डेंसिसोवा गोल्डेनहेर सिंड्रोम से पीड़ित हैं। यह जन्मजात बीमारी है। जिसमें इंसान के चेहरे के कई अंग पूरी तरह से विकसित नहीं होते और शक्ल आधी-अधूरी रह जाती है। यही हाल इवांका का है। पिछले 30 सालों से वह आधे चेहरे के साथ जिंदगी गुजार रही हैं। कई बार उनके मन में सुसाइड कर भी ख्याल आया लेकिन इवांका ने हिम्मत नहीं हारी और वह अपनी कमजोरी को दुनिया से छिपाते-



छिपाते 30 साल गुजार लिए।

**अमेरिका में करवाई सर्जरी**

पेशे से वकील इवांका अब चाहती हैं कि वह अपने चेहरे को सही आकार दे सकें। इसके लिए उन्होंने अमेरिका में सर्जरी करवाई और एक सर्जरी सितंबर में होनी है। जिसके बाद इवांका का चेहरा भी पूरी तरह से बदल जाएगा। अपने आधे चेहरे को छुपाने के लिए इवांका लंबे बाल रखती हैं और उसे आगे करके चेहरे को ढंक देती है। इतने सालों तक उन्होंने इसी तरीके से अपनी शक्ल दुनिया से छुपाए रखी।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
मेहनत का फल नहीं मिलेगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश होगा। धनहानि संभव है।

**वृष**
धन प्राप्ति विशेष रूप से होगी। कार्यसिद्धि होगी। सम्मान मिलेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। लाभ होगा।

**मिथुन**
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। शुभ समाचार मिलेंगे। सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क**
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**सिंह**
धनहानि, शारीरिक कष्ट व फालतू खर्च से तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रहेगी।

**कन्या**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। उन्नति होगी। कष्ट व भय बने रहेंगे।

**तुला**
नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सुख के साधन जुटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। आलस्य हावी रहेगा।

**वृश्चिक**
कुबुद्धि हावी रहेगी। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। बड़ों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु**
कुसंगति से बचें। हानि होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है।

**मकर**
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलेगा। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**कुंभ**
भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। शत्रु परास्त होंगे। उन्नति होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कष्ट संभव है।

**मीन**
रोग, भय व चिंता का माहौल बनेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा।

# बड़ी अजीब है यह रस्म, दूल्हा-दुल्हन नहीं जा सकते शौचालय

हर देश को अपने अनोखे रीति रिवाज और मान्यताए हैं। जिनके पीछे कोई न कोई कारण भी होता है। दुनिया के कुछ समुदायों में तो कुछ अजीबो-गरीब मान्यताए अपनाई जाती हैं,जिनको सुनकर कई बार हम हैरान हो जाते हैं। शादी



हर रिश्ते से ज्यादा पवित्र बंधन माना जाता है और इसके लिए कई तरह के रिवाज भी अपनाए जाते हैं। आज हम शादी से जुडे जिस रिवाज की बात कर रहे हैं, वो शायद आपको हैरान कर दे। इंडोनेशया में टीडॉन्ग नाम के समुदाय में शादी के रीति-रिवाज बेहद अजीबोगरीब हैं। यहां पर शादी होने के तीन दिनों बाद तक दुल्हा-दुल्हन को बाथरूम जाने की मनाही होती है। इस समुदाय के लोग इस परंपरा को बरसों से लेकर आज तक निभाते आए हैं। इनका मानना है कि शादी के तीन दिनों बाद अगर लड़का-लड़की शौचालय का इस्तेमाल करते हैं तो उनकी किस्मत पर बुरा असर पड़ता है। इससे शादी में प्यार नहीं रहता और जल्दी दोनों का रिश्ता टूट जाता है। यह भी माना जाता है कि ऐसा करने से कोई अनहोनी भी हो सकती है। शादी के बाद लड़का और लड़की को कम से कम खाना दिया जाता है। जब तीन दिन पूरे हो जाते हैं तो दोनों नहा कर अपनी जिंदगी की नई शुरूवात करते हैं। इसके अलावा भी यह समुदाय कई तरह की रस्मों का पालन करते हैं। जैसे सगाई के बाद घर से बाहर नहीं निकलना और दुल्हा दुल्हन से तब तक नहीं मिल सकता जब तक की वह उसके लिए गाना न गा दे। शादी में देरी से पहुंचने पर दुल्हे को हजार्ना भी भरना पड़ता है।

# जी मिचलाने की परेशानी को दूर करेंगे ये उपाय



कई बार लजीजदार खाने के चक्कर में लोग जरूरत से ज्यादा खा लेता हैं। जो बाद में पचाने में परेशानी होती है। जिससे जी मचलाने और घबराहट की परेशानी होने लगती है। कई बार गलत खान-पान और ज्यादा देर भूखे रहने से भी जी मिचलाने लगता है। दवाइयां खाने से बेहतर है कि कुछ घरेलू उपाय अपना कर भी इस समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

**1. नींबू**

नींबू में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड जी मिचलाने से राहत दिलाता है। एक नींबू काटकर इसकी खूशबू लें। यह जी मिचलाने की भावना को कंरता है।

**2. पिपरमिंट**

पेट में गड़बड़ी होने पर पुदीने खाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा सूती कपड़े पर पिपरमिंट तेल लगाकर मसूढ़ों पर लगाने से जी मिचलाने की परेशानी दूर हो जाती है।

**3. अदरक**

अदरक सेहत से जुड़ी बहुत सी परेशानियों को कम करने का काम करता है। जी मिचलाने पर अदरक वाली चाय पीने से भी फायदा मिलता है।

**4. बेकिंग सोड़ा**

रसोई में इस्तेमाल होने वाला बेकिंग सोड़ा जी मिचलाने का समस्या से राहत दिलाने में मददगार है। जी मिचलाने के लिए आधा छोटा चम्मच बेकिंग सोड़ा पानी में घोलकर पी लें। यह पेट का पी एच एसिड में बदलाव करता है। जिससे घबराहट और जी मिचलाने की परेशानी दूर हो जाती है।

**5. मेडिटेशन**

यह प्रक्रिया शरीर से जुड़ी बहुत सी समस्याओं पर नियंत्रण रखने का काम करती है। तनाव,घबराहट या फिर किसी तरह की कोई परेशानी महसूस करें तो मेडिटेशन का सहारा लें। इससे आप खुद को तंदुरूस्त महसूस करेंगी।

# पूरी रात चेहरे पर लगाकर रखें यह सीरम, फिर देखिए कमाल



चेहरा भले ही कितना ही गोरा क्यों न हो लेकिन जब तक उसपर ग्लो नहीं आता, तब तक चेहरे की खूबसूरती फीकी है। लड़कियां अपने चेहरे पर ग्लो लाने के लिए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट और मार्कीट में मिलने वाली सीरम का इस्तेमाल करती है, जिनमें कई तरह के कैमिकल्स मिले होते हैं जो चेहरे को फायदे की जगह नुकसान पहुंचा सकते है। ऐसे में आप घर पर बने कैमिकल्स फ्री सीरम का इस्तेमाल करें जिससे चेहरे पर गजब का ग्लो आएगा। आइए जानते है होममेड फेस सीरम बनाने की तरीका।

**जरूरी सामग्री**

- गुलाब की पत्तियां
- 3-4 बड़े चम्मच दूध
- 1 बड़ा चम्मच ग्लिसरीन
- 2 विटामिन ई कैप्सूल
- 1 चम्मच पैट्रोलियम जैली
- 5 चम्मच एलोवेरा जैल

**विधि**

सबसे पहले एक मिक्सी में गुलाब की पत्तियां डालकर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को छलनी में छान लें। अब गुलाब की पत्तियों के रस में दूध, ग्लिसरीन, विटामिन ई कैप्सूल पैट्रोलियम जैली डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। फिर इस पेस्ट को एलोवेरा जैल में मिला लें और फिर से अच्छे से मिक्स करें। फिर इसको सोने से पहले चेहरे और हाथों पर लगाएं और पूरी रात ऐसे ही लगा रहने दें। इससे चेहरे पर गजब का ग्लो आएगा और चेहरे की रंगत निखर जाएगी।



# फटे होंठों से लेकर पाउटी लिप्स तक के घरेलू नुस्खे

खूबसूरत चेहरे और आंखों के साथ-साथ होंठों का भी अहम रोल होता है लेकिन होंठों का कालापन चेहरे की खूबसूरती में ग्रहण का काम करता है। ऐसे में लड़कियां अपने होंठों का खूबसूरत औक मुलायम बनाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करती है। कई ट्रीटमेंट का सहारा लेती है। अगर आप भी अपने होंठो को खूबसूरत और सेक्सी लुक देना चाहती है तो आज हम आपको कुछ गरेलू टिप्स बताएंगे, जो होंठों से जुड़ी हर प्रॉबल्म को मिनटों में दूर कर देंगे।

- होंठों का कालापन दूर करें

अगर आप अपने होंठों नैचुरली गुलाबी बनाना चाहती है तो नींबू के रस में शहद मिला लें। इसे 1 घंटे तक होंठों पर लगा कर रखें। फिर किसी मुलायम और गीले कपड़े से होंठों को साफ करें। इससे होंठों का कालापन दूर होगा।

- फटे होंठो के लिए नुस्खा

अगर आपके होंठ फटे हुए रहते है तो सोने से पहले ग्लिसरीन को होंठों पर लगाएं। इससे कुछ ही दिनों में होंठ पिंक और मुलायम हो जाएगे। इसके अलावा ऐलोवेरा जैल लेकर अपने होंठों पर तब तक लगाएं जब तक वह सूख ना जाए।

- पाउटी लिप्स के लिए टिप्स

पाउटी लिप्स का इन दिनों काफी क्रेज है। कुछ लड़कियां तो सर्जरी के सहारे अपने होंठों को उभरे हुए दिखाना चाहती है। अगर आप भी उन्ही लड़कियों जैसी ख्वाहिश रखती है तो बाउल में सफेद या ब्राउन शुगर डाल लें। फिर इसमें अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े काटकर मिलाएं और पुराने ब्रश की मदद से होंठों पर लगाएं और सकुर्लेशन मोशन में घुमाएं।

# सिर पर फिर से लहराएंगे बाल, गंजेपन के सस्ते और असरदार नुस्खे



बाल हमारी पर्सनैलिटी का एक अहम हिस्सा है। बालों के बिना खूबसूरत से खूबसूरत चेहरा भी फिका पड़ जाता है। आजकल के समय में हर कोई बालो से जुड़ी किसी न किसी समस्या से परेशान नजर आता है जिसमें झड़ते बालों की समस्या हर किसी को होती है। कई बार तो गंजेपन का सामना तक करना पड़ता है। गंजेपन के कई कारण हो सकते है जैसे तनाव, गर्भावस्था में होना,शरीर में पोषक तत्वों की कमी ,वजन का कम होना अन्य आदि कई समस्याएं हो सकती है। गंजापन केवल महिलाओं की ही नहीं बल्कि पुरुषों की भी समस्या है जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के ट्रीटमेंट और ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का सहारा लेते है जिनका परिणाम कुछ खास निकल कर नहीं आता। अगर आप भी झड़ते बालों या गंजेपन से निजात पाने की हर मुमकिन कोशिश कर चुके है तो घबराएं नहीं। आज हम आपको कुछ घरेलू तरीके बताएंगे जिनकी मदद से आप गंजेपन से हमेशा के लिए छुटकारा पा सकता है।

**1. शहद और दालचीनी**

थोड़ा सा ऑलिव ऑयल लेकर उसे गर्म कर लें। फिर इसमें दालचीनी और शहद मिला लें। इस मिश्रण से बालों की मसाज करें और 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। फिर बालों को धो लें।

**2.कलौंजी और पानी**

सबसे पहले कलौंजी को अच्छे से पीस लें। एक बाउल लेकर उसमें थोड़ा-सा पानी मिलाकर पिसी हुई कलौंजी को डाल दें। अब इस मिश्रण को उबाल लें। फिर इस पानी के ऊपर तैर रहे तेल को किसी शीशी में इकट्ठा करें। इस तेल को रोजाना बालों पर लगाएं।

## पूनम राउत की शानदार पारी पर बोले फैंस

# आपने हमारा दिल जीत लिया

**आईसीसी** महिला विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड टीम के 229 रन के टार्गेट का पीछा करते हुए पूनम राउत ने शानदार 86 रन बनाए। उनकी इस पारी ने देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। पूनम ने चार चौके और एक छक्के की मदद से 86 रन की शानदार पारी खेली। हालांकि, उनके आउट होते ही भारतीय टीम बिखर गई और इंग्लैंड ने विश्व कप अपने नाम कर लिया। भारतीय टीम मैच तो हार गई लेकिन क्रिकेट फैंस ने सोशल मीडिया के जरिए पूनम की जमकर तारीफ की और उनको उनके बेहतरीन खेल के लिए बधाई दी। ट्विटर यूजर ने लिखा कि चाहे मैच का रिजल्ट जो भी रहे लेकिन आपने लाखों दिल जीत लिए। आप बहुत अच्छा खेलीं पूनम राउत।



## बीसीसीआइ ने किया आइपीएल के नए सीओओ का ऐलान

**नई दिल्ली।** बीसीसीआइ ने हेमांग अमीन को आइपीएल का मुख्य संचालन अधिकारी (सीओओ) नियुक्त किया है। बीसीसीआइ के कार्यवाहक अध्यक्ष सीके खन्ना ने यह घोषणा करते हुए बताया कि अमीन बीसीसीआइ के सीईओ राहुल जौहरी को रिपोर्ट देना जारी रखेंगे। अमीन इससे पहले तक बीसीसीआइ में सहायक महाप्रबंधक (वित्त, व्यवसायिक एवं इवेंट्स) का कामकाज देख रहे थे। अमीन का आइपीएल के प्रबंधन एवं संचालन में काफी योगदान रहा था। खन्ना ने कहा कि पिछले सात वर्षों में अमीन की नेतृत्व क्षमता ने आइपीएल की सफलता के लिए मजबूत आधार का काम किया। उन्होंने आइपीएल के परिवर्तन दौर में भी अहम काम किया। आइपीएल के प्रबंधन और संचालन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के बाद उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह बीसीसीआइ के साथ पिछले सात साल के काम कर रहे हैं। आइपीएल के चेयरमैन राजीव शुक्ला ने कहा, हेमांग अमीन अच्छा अनुभव रखने वाले शानदार इंसान हैं। उनकी बाजार और हितधारकों में अच्छी पकड़ है। उनके साथ काम करते हुए मुझे पता है कि वह आइपीएल के लिए सही शख्स हैं।



## हरमनप्रीत के लिए पंजाब के सीएम ने किया इनाम का ऐलान





**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरमनप्रीत कौर के आईसीसी महिला विश्व कप में भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन पर आज पांच लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने यह सूचना हरमनप्रीत के पिता हरमिंदर सिंह को दी जिन्हें उन्होंने बधाई देने के लिये फोन किया था। अधिकारिक प्रवक्ता ने यहां इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने हरमनप्रीत की आस्ट्रेलिया के खिलाफ 115 गेंद में 171 रन की नाबाद पारी की प्रशंसा की। उन्होंने साथ ही उम्मीद जतायी कि वह अपने शानदार प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करना जारी रखेगी।

## महिला टीम की हौसलाफजाई के लिए लॉर्ड्स पहुंचे अक्षय, लहराया तिरंगा



शायद इसीलिए ही अक्षय कुमार को सबसे अलग बॉलीवुड स्टार बताया जाता है। जहां बॉलीवुड स्टार और पुरुष क्रिकेटर्स सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए महिला टीम को बेस्ट ऑफ लक बोलते दिखाई दिए। वहीं, अक्षय कुमार ने लॉर्ड्स स्टेडियम पहुंचकर महिला टीम को चीयर किया। यही नहीं, उन्होंने तिरंगा हाथ में लिए एक फोटो भी शेयर किया है।

## मिताली, हरमनप्रीत समेत रेलवे की महिला क्रिकेटरों को समय पूर्व पदोन्नति


**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में महिला विश्व कप में खेल रही भारतीय टीम में शामिल रेलवे की क्रिकेटरों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन (समय पूर्व पदोन्नति) की घोषणा की गई। रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ भारत का फाइनल शुरू होने से पहले रेलवे की महिला क्रिकेटरों को यह खुशखबरी दी। रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सचिव रेखा यादव ने बताया कि रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने भारतीय टीम को फाइनल के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इसके अलावा भारतीय टीम में शामिल रेलवे की महिला क्रिकेटरों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन की घोषणा भी की। इन सभी क्रिकेटर्स को रेलवे की नीति के अनुसार नकद इनामी राशि भी दी जाएगी। रेलमंत्री की इस घोषणा का लाभ कप्तान मिताली राज तथा सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 171 रनों की पारी खेलने वाली हरमनप्रीत कौर के अलावा कई क्रिकेटरों को मिलेगा। वर्तमान भारतीय टीम में मिताली और हरमनप्रीत के अलावा रेलवे की एकता बिष्ठ, पूनम राउत, पूनम यादव, वेदा कृष्णमूर्ति, सुषमा वर्मा, मोना मेशराम, राजेश्वरी गायकवाड़ तथा नुजहत परवीन शामिल है।





# नेमार करने जा रहे हैं इतिहास की सबसे बड़ी डील

**नई दिल्ली।** हाल में भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी की सालाना कमाई को देखते हुए उन्हें फोर्ब्स की टॉप-100 सबसे अमीर खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली थी। धौनी की सालाना कमाई 28.17 मिलियन डॉलर (तकरीबन 2 अरब रुपये) बताई गई है वहीं उनके क्रिकेट क्लब में बदलाव की तो कहीं चर्चा तक नहीं हुई। अब एक ऐसा रिकॉर्ड सामने आ रहा है जो धौनी तो दूर, दुनिया के तमाम खेलों के कई खिलाड़ियों को कमाई के मामले में पीछे छोड़ सकता है। फुटबॉल व बॉक्सिंग के खिलाड़ियों की कमाई और फुटबॉलर्स के एक से दूसरे क्लब में आने-जाने का सफर दशकों से खेल इतिहास के सबसे महंगे सौदों में शुमार रहा है। चार साल पहले टोटेनहेम स्पर क्लब से खेलने वाले वेल्स के फुटबॉलर गेरेथ बेल को 100 मिलियन यूरो (तकरीबन 7.5 अरब रुपये) में स्पेनिश फुटबॉल क्लब रीयल मैड्रिड ने खरीदा तो दुनिया में खलबली मच गई। वो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। इसके बाद पिछले साल मैनचेस्टर युनाइटेड ने फ्रेंच फुटबॉलर पॉल पोग्बा को इटली के क्लब जुवेंटस से 105 मिलियन यूरो (तकरीबन 8 अरब रुपये) में खरीदकर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। अब ये रिकॉर्ड भी टूटने जा रहा है। खबरें पक्की हो गई हैं कि स्पेनिश क्लब बार्सिलोना से खेलने वाले ब्राजील के नेमार जूनियर को फ्रेंच फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) 196 मिलियन पाउंड (तकरीबन 16.5 अरब रुपये) में खरीदने जा रहा है। ये एक विश्व रिकॉर्ड डील होगी और खबरों के मुताबिक नेमार ने इसके लिए हां भी कर दी है। बस आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।



## हर हफ्ते मिलेंगे इतने रुपये

ये करार जैसे ही फाइनल होगा नेमार हर हफ्ते एक बड़ी रकम अपनी सैलरी के तौर हासिल करने लगेंगे। नेमार को पेरिस सेंट-जर्मेन हर हफ्ते 5,96,000 पाउंड (तकरीबन 5 करोड़ रुपये) सैलरी देगा। दरअसल, पेरिस सेंट-जर्मेन यूरोपियन फुटबॉल में सबसे बड़ी ताकत बनना चाहता है और इसके इरादे वो पहले भी जाहिर कर चुका है लेकिन सबसे दिलचस्प बात ये है कि वो इसके लिए ब्राजीली खिलाड़ियों को सहारा बना रहा है। फिलहाल पीएसजी के पास थियागो सिल्वा, दानी एल्वेस, मारक्विनहोस और लुकास मोरा जैसे धुरंधर ब्राजीली खिलाड़ी मौजूद हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'मैं पूरी दुनिया पर राज करना चाहतीं हूं': प्रियंका



बॉलीवुड एक्ट्रैस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म में व्यस्त है। प्रियंका सिर्फ सिंगिंग या एक्टिंग तक ही सीमित नही रहना चाहतीं हैं, और इस ही के चलते प्रियंका अपनी मां मधु चोपड़ा के साथ पर्पल पेबल पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस चला रही हैं और इस ही होम प्रोडक्शन के तहत बनी मराठी फिल्म वेंटीलेटर राष्ट्र पुरस्कार जीत चुकी है। इसके बाद प्रियंका मराठी कॉमेडी फिल्म काय रे रास्कला लेकर आ रही है। प्रियंका ने बताया कि, पर्पल पेबल पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस शुरू करने के पीछे मेरा एक ही मकसद है कि जो लोग टेलेन्टेड हैं पर उन्हें मौका नही मिल रहा तो उन लोगों को मैं मौका दे सकूं। इसलिए मेरी योजना है कि मैं करीबन हर भाषा मे फिल्में बनाउ और सभी टेलेन्टेड लोगो को मौका दे सकूं । फिर चाहे वह डायरेक्टर हो, सिंगर हो या कोरियाग्राफर हो । मैं जब मिस वर्ल्ड बन कर आई थी उसके बाद भी मुझे फिल्मों में काम करने में मुश्किले आई थी, क्योंकि मेरी इंडस्ट्री में कोई पहचान नहीं थी। तभी से मेरे मन मे था कि मै ऐसा कोई प्रोडक्शन हाउस शुरू करूं जिसके तहत मैं नए और टेलेन्टेड लोगों के मौका दे सकूं।



# अपनी फिल्म की शूटिंग के लिए नासा पहुंचे सुशांत

बॉलीवुड स्टार सुशांत सिंह राजपूत जल्द ही अपनी मां का सपना पूरा करते नजर आएंगे। जी हां आप कुछ और सोचें इससे पहले हम आपको बता दें कि सुशांत अपनी आने वाली फिल्म 'चंदा मामा दूर के' की तैयारी के लिए नासा के ऑफिस में गए हुए हैं। बता दें कुछ दिन पहले ही सुशांत सिंह राजपूत आइफा के लिए न्यूयॉर्क गए थे लेकिन आइफा के बाद वो फिलहाल वाशिंगटन डीसी स्थित नासा के ऑफिस में गए हैं। जुलाई के आखिर तक इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। सुशांत ने अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा है 'मेरी मां हमेशा चाहती थीं कि उनका सुशांत अंतरिक्ष में जाए।' यानी मां का सपना था कि सुशांत अंतरिक्ष यात्री बनें। इंस्टाग्राम में शेयर की अपनी तस्वीर में सुशांत ने एक टॉय रॉकिट पकड़ा हुआ है और वो कमरे की खिड़की से नासा की ओर देख रहे हैं।  सुशांत का ये फोटो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। इतना ही नहीं ट्विटर पर Sushant In Space ट्रेंड भी कर रहा है। बहुत कम लोग जानते होंगे की सुशांत ने एक्टर बनने से पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। फिल्म 'चंदा मामा दूर के' के लिए सुशांत स्पेस पर आधारित कई किताबों का अध्ययन भी कर रहे हैं।

# ग्लोबल सिनेमा के लिए ऐश्वर्या होंगी सम्मानित



भारतीय सिनेमा महोत्सव के एक अहम हिस्से के रूप में भारत के 70 साल का जश्न मनाते हुए ऐश्वर्या राय बच्चन मेलबर्न के बेहद प्रतिष्ठित फेडरेशन स्क्वायर में भारत का राष्ट्रिय ध्वज फहरायेंगी। IFFM आस्ट्रेलिया में होने वाला भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा सालाना समारोह है। IFFM में भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के लिए आयोजित होने वाले विशेष सत्र सेलिब्रेटिंग इंडिया एट 70! के दौरान ऐश्वर्या मेलबर्न के फेडरेशन चौक पर भारतीय ध्वज फहराएंगी। वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला होंगी। ऐश्वर्या को 11 अगस्त की रात वेस्टपैक आईएफएफए पुरस्कार समारोह में विक्टोरिया सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के निदेशक मितू भौमिक लांगे ने एक बयान में कहा, हमारे लिए इस बार अपनी चहेती अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन का IFFM में स्वागत करना सम्मान की बात होगी। वह एक ग्लोबल हस्ती हैं और आस्ट्रेलियाई दर्शकों में बेहद लोकप्रिय हैं।.यह सभी भारतीयों के लिए एक सम्मान का क्षण होगा, जब वह मेलबर्न में भारत का झंडा फहराने वाली पहली भारतीय महिला बनेंगी। भौमिक ने कहा, वर्ल्ड सिनेमा में उनके अतुलनीय योगदान को देखते हुए सरकार की ओर से उनका सम्मान किया जाएगा। हम सभी इस अनुभव के लिए बेकरार हैं।